पाक्षिक
क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 13 ◆ रायपुर 05 जनवरी 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था के दो पहिए : मुख्यमंत्री

### कार्गो हब के निर्माण से प्रदेश में फलेगा-फूलेगा व्यापार-व्यवसाय, एसोसिएशन ने किया मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत और अभिनंदन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय का समारोह में मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रुट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया।





मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए मिलर्स एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धान की फसल हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का आधार है। किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था को दो पहिए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और गतिशीलता के लिए दोनों पहियों की मजबूती और गतिशीलता बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। हम मिल-जुलकर प्रदेश के चावल उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन लगातार बढ़ा है। इससे चावल उद्योग के क्षेत्र में नयी संभावनाओं का जन्म हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा चावल के महत्वपूर्ण निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। अभी छत्तीसगढ़ में परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ करना शेष है। अन्य राज्यों से हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, रेल नेटवर्क और मजबूत हो, साथ ही एयर कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 23 वीं बैठक में छत्तीसगढ़ में कार्गो हब बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके निर्माण से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय फलेगा-फूलेगा।

## मुख्यमंत्री से भेंटकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने नव वर्ष की दी शुभकामनाएं







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंत्रालय महानदी भवन स्थित उनके कार्यालय में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवास राव, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सचिव अंकित आनंद, डॉ. एस. भारतीदासन ने सौजन्य मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई दी।

### सेम्हराडीह में उप स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी की घोषणा

# आम जनता से किए हर वायदे पूरे करेंगे : मुख्यमंत्री

### समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का जागरूक होना जरूरी - राज्यपाल रमेश बैस

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए।





महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा और विधायक श्री व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की शुरूआत में समाज के महान विभूतियों को उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र श्री दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ''परिणय पुष्प'' और ''अरपा छत्तीसगढ़'' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर दो आदर्श विवाह संपन्न हुए, अतिथियों ने नवविवाहित दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरूषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पांच वर्षों में आम जनता से किए हर वायदे को पूरे करेंगे। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में हमने 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने की शुरूआत कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सालाना 12 हजार रूपए की सहायता दी जाएगी।

# संत, मंदिर विश्वस्त एवं हिन्दुत्वनिष्ट संघटनाओं की ओर से ज्ञापन देते समय उप-मुख्यमंत्री का आश्वासन !

## पंजीकरण किये सभी मठ-मंदिरों से पहले की तरह सरकार धान खरीदी कर बोनस भी देगी - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



**रायपुर** – पूर्व में जब छत्तीसगढ राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त मंदिरों की कृषि भूमि से उत्पादित धान को शासन द्वारा खरीदा जाता था । साथ ही पूर्ण बोनस भी प्रदान किया जाता था । जिससे राज्य मठ-मंदिरों की कृषि उपज से सहजता से उत्पन्न मिलता था। साथ ही आपत्कालीन स्थिति में शासन द्वारा सहायता भी मिलती थी परन्तु पिछली कांग्रेस की सरकार में मंदिरों की कृषि उपज की खरीदारी एवं बोनस का वितरण बंद कर दिया गया था। जिस कारण कई मंदिर आर्थिक संकट से जूझ रहे है यह मंदिरोंकी कृषि उपज सरकार द्वारा पुन: खरीदी जाए इस मांग को लेकर प्रदेश के हिंदुत्वनिष्ठ संगठन, मंदिर विश्वस्त, साधू-संतो ने मिलकर मा. उपमुख्यमंत्री श्री. विजय शर्मा इन्हे ज्ञापन दिया इस समय मिशन सनातन के श्री. मदनमोहन उपाध्याय, नीलकंठ सेवा संस्थान के पंडित नीलकंठ त्रिपाठी, अ. भा. संत समिति छत्तीसगढ़ के महंत सर्वेश्वरदास जी एवं महंत नारेंद्रदास जी, बजरंग दल के श्री. अंकित द्विवेदी, हिन्दू जनजागृति समिति के श्री. हेमंत कानस्कर एवं श्री. प्रतिक रिझवानी आदि उपस्थित थे

मा. उपमुख्यमंत्री श्री. विजय शर्मा ने ज्ञापन स्वीकार कर इस विषय पर योग्य कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। साथ ही जिन मंदिर, मठ आदि का पंजीकरण किया गया है, वह इस योजना का लाभ ले सकेंगे, अत: पंजीकरण करवाए ऐसा कहा इस विषय को लेकर सम्बंधित विभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को भी उन्होंने सूचित किया

इस समय उन्होंने 'हलाल प्रमाणित उत्पादों' पर बंदी के विषय में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और जल्द ही हलाल उत्पादोंपर राज्य में बंदी लाकर इस विषय की जानकारी मा. गृहमंत्री भारत सरकार श्री. अमित शाह जी को भी भेजेंगे ऐसा कहा ।

# ठंड व कोहरे के अलावा मालगाड़ी को प्राथमिकता से चलाने के कारण यात्री ट्रेने लगातार विलंब से चल रहीं है कंपकपाती ठंड में यात्री परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे पूर्वानुमान के अनुसार ठंड दिनो दिन बढ रहा है जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कड़ाके की ठंड व प्रातरू कोहरा हल्के रूप से छाये रहने के कारण शहर का तापमान भी लगातार गिर रहा है। अचानक ठंड बढने से कंपकपाने वाली मौसम मे लोग सहम से गये है एक ओर जहां यात्री बस एवं यात्री ट्रेनो मे ठंड के कारण लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है वहीं रेल्वे प्लेटफॉर्म कंपकपाने वाली ठंड के बीच सैकड़ो लोग ट्रेन की लेट लतीफी से परेशान होकर अपने गंतव्य की ओर जाने के लिये ट्रेन के इंतजार मे बैठे है। भाटापारा रेल्वे स्टेशन से होकर जाने वाली अधिकांश यात्री ट्रेन एक लंबे समय से विलंब से चल रहीं है जिसके कारण रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्री परेशान है खासकर अमृतसर बिलासपुर छत्तीसगढ एक्सप्रेसए निजामुद्दीन रायगढ गोंडवाना एक्सप्रेसए छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेसए बरौनी गोंदिया बरौनी एक्सप्रेसए संपर्कक्रांति एक्सप्रेस सहित नवतनवा दुर्ग एक्सप्रेस के लगातार विलंब से चलने से रेल यात्री कड़कडाती ठंड के बीच परेशान है बताया जाता है कि बिलासपुर रेल्वे जोन मे कोयला एवं अन्य सामाग्रियों के परिवहन मे माल गाडी को आय की दृष्टि से प्राथमिकता से चलाने के कारण अनेक यात्री ट्रेन जहां लेट हो रहीं है वहीं दूसरे राज्यों से आने वाली यात्री ट्रेनो मे ठंड व कोहरे के कारण उसकी गति धीमी हो गई है फ्लस्वरूप उक्त यात्री ट्रेनें विलंब से भाटापारा स्टेशन पहुंच रहीं है। ट्रेनो के विलंब से चलने का सिलसिला एक लंबे समय से जारी है जिस पर रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है फ्लस्वरूप यात्रियो मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

# सभी मंत्रियों को हुआ आवास आबंटित

**रायपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी मंत्रियों को आवास आबंटित कर दिया है. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ए-1 सिविल लाइन शंकर नगर का बंगला दिया गया है.

डिप्टी सीएम एवं लोकनिर्माण मंत्री अरुण साव को डी-8 सिविल लाइन रायपुर, डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा को सी-3 सिविल लाइन रायपुर का बंगला आबंटित किया गया है. शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बी-5/1 पुराना कमिश्नर बंगला शंकर नगर रायपुर, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम को सी-5 सिविल लाइन, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को बी-5/5 (धरोहर) जेल रोड पुराना वन संरक्षण बंगला वन कॉलोनी रायपुर दिया गया है. वन मंत्री केदार कश्यप को सी-3 एवं सी-4 फारेस्ट कॉलोनी राजा तालाब, वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन को सी-4 शंकर नगर रायपुर, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को सी-2 शंकर नगर, वित्त मंत्री ओपी चौधरी को डी-5/9 शंकर नगर, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को डी-7,डी-8 शंकर नगर, खेल मंत्री टंकराम वर्मा को बी-5/10 शंकर नगर का बंगला आबंटित किया गया है. जगदलपुर विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव को बी-5/12 सिविल लाइन रायपुर का बंगला दिया गया है. वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को ई-1 गांधी उद्यान के पीछे सिविल लाइन, पूर्व सीएम भूपेश बघेल को ई-1 सिविल लाइन का बंगला आबंटित किया गया है.

# गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

## मिनीमाता भवन का जीर्णोद्धार करवाने की घोषणा की



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सतनामी समाज के पूज्य गुरु, गुरु घासीदास की 267 वी जयंती के अवसर पर समाज जनों द्वारा उनकी शोभायात्रा स्थानीय संत रविदास वार्ड में स्थित मिनीमाता भवन से निकल गई जो सती मंदिर, से होकर समूचे नगर भ्रमण पश्चात मिनीमाता भवन वापस आकर समाप्त हुई। रैली के पूर्व भाटापारा के नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव ने पूजन आरती पश्चात समाज द्वारा निर्मित जैतखाम पर पालो चढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास साहब का संदेश जात पात से ऊपर उठकर प्रेम सद्भावना व आपसी भाई-चारा का रहा है। उन्होंने जात-पात छुआ-छूत जैसे दुर्गुणों से दूर रहकर मनखे-मनखे(मानव-मानव) एक समान का भी नारा दिया। यही नहीं उन्होंने समूची मानव जाति को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए भी आव्हान किया। वह हमेशा सत्य और अहिंसा के पक्षधर रहे।

इसी पावन अवसर पर विधायक इंद्र साव ने मिनीमाता भवन के जीर्णोद्धार करवाने की घोषणा भी की जिससे समस्त समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

नगर भ्रमण के समय उक्त रैली का समाज जनों व अन्य नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। रैली में बच्चे बूढ़े व महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपरोक्त जानकारी पूर्व पार्षद संजय बघेल ने दी।

# कौन हैं ये चम्पतराय ?



1975 इँदिरा गाँधी द्वारा थोपे आपातकाल के समय बिजनौर के धामपुर स्थित आर एस एम डिग्री कॉलेज में एक युवा प्रोफेसर चंपत राय, बच्चों को फिजिक्स पढ़ा रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार करने वहां पुलिस पहुंची क्योंकि वह संघ से जुड़े थे । अपने छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय चंपत राय जानते थे कि उनके वहाँ गिरफ्तार होने पर क्या हो सकता है । पुलिस को भी अनुमान था कि छात्रों का कितना अधिक प्रतिरोध हो सकता है ।

प्रोफ़ेसर चंपत राय ने पुलिस अधिकारियों से कहा, आप जाइये मैं बच्चों की क्लास खत्म कर थाने आ जाऊँगा । पुलिस वाले इस व्यक्ति के शब्दों के वजन को जानते थे अत: वे लौट गए । क्लास खत्म कर बच्चों को शांति से घर जाने के लिए कह कर प्रोफेसर चंपत राय घर पहुँचे, माता पिता के चरण छू आशीर्वाद लिया और लंबी जेल यात्रा के लिए थाने पहुंच गए ।

18 महीने उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बेहद कष्टकारी जीवन व्यतीत कर जब बाहर निकले तो इस दृढ़प्रतिज्ञ युवा के आत्मबल को संघ के सरसंघचालक श्री रज्जू भैया ने पहचाना और श्री राममंदिर की लड़ाई के लिए अयोध्या जी को तैयार करने का जिम्मा उनके कंधों पर डाल दिया।

चंपत राय ने अपनी सरकारी नौकरी को लात मार दी और राम काज में जुट गए । वे अवध के गाँव गाँव गये हर द्वार खटखटाया । स्थानीय स्तर पर ऐसी युवा फौज खड़ी की जो हर स्थिति से लड़ने को तत्पर थी । अयोध्या के हर गली कूँचे ने चंपत राय को पहचान लिया और हर गली कूंचे को उन्होंने भी पहचान लिया । उन्हें अवध के इतिहास, वर्तमान, भूगोल की ऐसी जानकारी हो गई कि उनके साथी उन्हें अयोध्या की इनसाइक्लोपीडिया उपनाम से बुलाने लगे ।

बाबरी ध्वंस से पूर्व से ही चंपत राय जी ने राम मंदिर पर डॉक्यूमेंटल एविडेंस जुटाने प्रारम्भ किये । लाखों पेज के डॉक्यूमेंट पढ़े और सहेजे, एक एक ग्रंथ पढ़ा और संभाला उनका घर इन कागजातों से भर गया, साथ ही हर जानकारी उंन्हे कंठस्थ भी हो गई । के. परासरण जी और अन्य साथी वकील जब जन्मभूमि की कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में उतरे तो उन्हें अकाट्य सबूत देने वाले यही व्यक्ति थे ।

6 दिसंबर 1992 को मंच से बड़े बड़े दिग्गज नेता कारसेवकों को अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे थे । तमाम निर्देश दिए जा रहे थे । बाबरी ढांचे को नुकसान न पहुँचाने की कसमें दी जा रहीं थीं, उस समय चंपत राय जी मंच से कुछ दूर स्थानीय युवाओं के साथ थे । एक पत्रकार ने चंपत राय से पूछा अब क्या होगा उन्होंने हँस कर उत्तर दिया ये राम की वानर सेना है, सीटी की आवाज पर पी टी करने यहां नहीं आयी है - ये जो करने आयी है करके ही जाएगी।

इतना कह उन्होंने एक बेलचा अपने हाथ में लिया और बाबरी ढांचे की ओर बढ़ गये, फिर सिर्फ जय श्री राम का नारा गूंजा और... इतिहास रचा गया ।

आदरणीय चंपत राय को यूं ही राम मंदिर ट्रस्ट का सचिव नहीं बना दिया गया है । उन्होंने रामलला के श्रीचरणों में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित किया है । प्यार से उन्हें लोग रामलला का पटवारी भी कहते हैं । यह व्यक्ति सनातन का योद्धा है । कोई मुंह फाड़ बकवास करता कायर नहीं...

बाबरी ध्वंस के मुकदमों में कल्याण सिंह जी के बाद चंपत राय ने ही अदालत और जनसामान्य दोनों के सामने सदैव खुल कर उस घटना का दायित्व अपने ऊपर लिया । चम्पत राय जी कह चुके हैं, जैसे ही राममंदिर का शिखर देख लेंगे युवा पीढ़ी को मथुरा की ज़िम्मेदारी निभाने को प्रेरित करने में जुट जाएंगे।

चंपत राय जी धर्म की छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखने वाले तपस्वी और विद्वान हैं । एक बार वे किसी काम से काशी में किन्हीं के यहां रुके, तब रात्रि में देखा तो पाया कि बैड का डायरेक्शन कुछ ऐसा था कि सोते हुए पैर दक्षिण की तरफ हो रहे थे, उन्हें एक रात को भी यह स्वीकार नहीं था, रात में ही उन्होंने बैड का डायरेक्शन ठीक करवाया, तभी सोए । जो धोती कुर्ता पहनकर भारत का गाँव गाँव नापने वाला व्यक्ति अपने निजी जीवन में हिन्दू जीवनचर्या की छोटी छोटी बातों का हठ के साथ पालन करता है वह श्रीराममंदिर के संदर्भ में किस हद तक विचारशील और जुझारू होगा, समझा जा सकता है ।

*वास्तव में इन पर उंगली उठाने वाले इनके पाँव की धूल के समान भी नहीं हैं*

# कनवर्टेड स्वधर्म वापसी की राह पर, हो रही है 'धर्म की जय'

ग्रेगोरियन कैलेंडर के परिवर्तन के साथ ही पाश्चत्य नववर्ष प्रारंभ होने जा रहा है. लोगों द्वारा नए वर्ष में नए विचारों के साथ स्वयं में सुधार करने की योजनायें बनायी जाती हैं. जीवन और लक्ष्यों को लेकर अनेक नवाचार किये जाते हैं, लेकिन अगर आपसे कहें कि कुछ लोग अपनी योजनायें और लक्ष्यों को लम्बे समय से वैसे ही रखे हुए हैं. तो आप कहेंगे, वह अपना काम अपने हिसाब से कर रहे हैं इससे हमें क्या ! परन्तु उनकी यह बातें सकारात्मक होतीं तो कुछ न था. उनके उद्देश्य नकारात्मक हैं, जो कि सभी के लिए चिंता के विषय हैं.

आपको यह जानकार हैरानी होगी कि मत-संप्रदायों के कुछ लोग, लम्बे समय से मतांतरण के उद्देश्य को अपनी प्राथमिकताओं में रखकर लगातार इसके लिए कार्य कर रहे हैं. वह दूसरे धर्मों को नीचा दिखाकर, देवी-देवताओं का अपमान करके नागरिकों को अपने साथ शामिल करने का कार्य करते हैं. देश भर से मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि 'कन्वर्जन' करने के लिए भोलेभाले बंधुओं को कभी रुपयों का लालच देकर तो कभी चिकित्सीय सुविधायें देने की बात बताकर उनका 'कन्वर्जन' कराया जाता रहा है. उन्हें कभी ईसाई तो कभी मुस्लिम बना लिया जाता है. इस रेस में ईसाई ज्यादा हावी होते हैं.

लम्बे समय तक इनके ऊपर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया इसलिए देश में व्यापक स्तर पर 'कन्वर्जन' हुए. इसके विरुद्ध हाल ही के वर्षों में आई जागरूकता के बाद अब परिणाम सामने आने लगे हैं. दुनिया भर के सामने इसकी सच्चाई आ चुकी है. 'कन्वर्जन' का खेल अब जग जाहिर हो चुका है. सनातन जन-जन तक पहुंचा है. फलस्वरूप, प्रलोभनों में फंसे लोग अब स्वधर्म में वापसी करने लगे हैं. हाल ही में जब तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने सनातन को ख़त्म करने की बात कही, तो देश भर में उनका विरोध हुआ. जगह-जगह उदयनिधि के पुतले जलाए गए व उसके ऊपर कार्रवाई की मांग उठी.

जन-जन के जीवन में अपना हिस्सा रखने वाले सनातन की खूब चर्चाएँ हो रही हैं, इसकी शिक्षाओं से दुनिया भर के देश अपने कार्यों को कर रहे हैं. दुनिया में इसके प्रति सभी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है. जैसा कि पहले ही बताया जिन लोगों को प्रलोभन देकर 'कन्वर्जन' कराया गया, अब वह भी अपने धर्म के प्रति वापिस आ रहे हैं और अपने हिन्दू होने पर गौरव कर रहे हैं. वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में ऐसे कई अवसर आये जब मतांतरित हुए परिवारों ने घरवापसी की. उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म के लोगों ने उन्हें बहला फुसलाकर अपने मत-संप्रदाय में शामिल कर लिया था, लेकिन वह अब उनके चंगुल से निकल रहे हैं.

वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश के कुछ मामलों को देखते हैं, जहाँ लोगों ने स्वधर्म में वापसी की है.

**19 फरवरी 2023** - छतरपुर में बागेश्वर धाम पहुंचकर 220 लोगों ने स्वधर्म वापसी की. यह लोग चार बसों में भरकर आसपास के ग्रामों से आये हुए थे. सभी 220 लोगों को पीले रंग की पट्टिका पहनाकर उनकी घर-वापसी कराई गई. यहाँ पहुंचें परिवारों के लोगों में से किसी ने कहा कि उन्हें प्रलोभन देकर ईसाई बना लिया गया था. वहीं किसी ने बताया कि पहले उसकी ईसाई लडकी से शादी करा दी गयी, लेकिन वह घर नहीं आई और बोली ईसाई बनो उसके बाद ही वह घर आएगी. यह सभी परिवार एकजुट होकर बागेश्वर धाम पहुंचे जहाँ उन्होंने हिन्दू धर्म में वापसी की.

**29 मार्च 2023** - झाबुआ अंतर्गत आने वाले ग्राम धामंदा के परिवार के 8 लोगों ने की स्वधर्म में वापसी की. परिजन ने बताया कि वह पहले बीमार रहते थे, इसका फायदा उठाकर किसी ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रलोभन दिया और उन्हें ईसाई धर्म में ले गया. नौ वर्ष पहले उन्हें ईसाई बना लिया गया था. वहां रहकर उन्हें ध्यान आया कि अपना सनातन धर्म ही बेहतर है, जिसके बाद परिवार के सभी जन ने घरवापसी का निर्णय लिया. पूरा परिवार कोकावद गाँव के महादेव धाम पहुंचे, यहां उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना कर स्वधर्म में वापसी की.

**30 अप्रैल 2023** - बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा सागर जिले के बहेरिया में चल रही थी. कथा के दौरान 50 परिवार के 95 लोगों ने यहाँ घरवापसी की. मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि निर्धन लोगों को मच्छरदानी और बकरी देने के साथ पढ़ाई आदि का प्रलोभन देकर ईसाई बनाया था. वह यहाँ कथा सुनने आये तो अपने धर्म में ही रहने के अन्दर इच्छा जागी, जिसके बाद उन्होंने कथा के दौरान घरवापसी की. सभी बोले अपना धर्म ही अच्छा है.

**31 जुलाई 2023** - देवास के ग्राम नेमावर गाँव में 190 लोगों की घरवापसी की. 35 परिवारों के लोग इन सभी लोगों ने संत समाज के सानिध्य में सनातन धर्म में वापसी की. उनमें से कुछ लोगों ने बताया कि उनके पूर्वज भीख मांगते थे और वह किसी कारणवश बने मुस्लिम बन गये थे. लेकिन अब वह स्वधर्म वापसी करना चाहते हैं क्योंकि अपना धर्म ही सबसे बढ़िया है. जिसके बाद नेमावर में नर्मदा स्नान, मुंडन, हवन, यज्ञोपवीत आदि क्रियाएं करने के बाद उन्होंने स्वधर्म वापसी की.

**22 दिसम्बर 2023** - मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लगे गांव के नागरिकों ने ईसाई धर्म छोड़ कर पुन: हिंदू धर्म अपनाया. इस दिन यहाँ रहने वाले 152 लोगों ने घरवापसी की. इनमें बैतूल के 72 और महाराष्ट्र के अमरावती जिले से लगे 12 से ज्यादा गांवों के 80 लोग शामिल हैं. वह सभीसावलमेंढ़ा के रामदेव बाबा संस्थान पहुंचें. उन्होंने स्वधर्म वापसी की बात बताई तो उनके हाथों में कलावा बंधकर, उन्हें गंगाजल पिलाया और उनके पैर पखारकर उनके स्वधर्म वापसी के निर्णय पर उनका अभिनन्दन किया.

यह तो मध्यप्रदेश के कुछ ही मामले हैं. आप देश भर में देखेंगे तो इनकी संख्या और बढ़ जाएगी. 'कन्वर्जन' का खेल चला खूब चला है, तभी तो व्यापक स्तर पर लोग अब स्वधर्म वापसी करते हुए देखे जा रहे हैं. सनातन का चरमोत्कर्ष जन-जन के अन्दर पहुँच रहा है. इससे मिलने वाले जीवन के सभी दिशा-निर्देशों से दुनिया लाभान्वित होकर स्वयं को धन्य मान रही है. वहीं कनवर्टेड की स्वधर्म वापसी की राह के प्रारंभ होने से 'धर्म की जय, अधर्म का नाश' गुंजायमान होना प्रतीत होने लगा है.



**सौरभ तामेश्वरी**
लेखक युवा पत्रकार हैं.
विश्व संवाद केंद्र, भोपाल

# भाजपा ने अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

## काव्यांजलि के माध्यम से अटल को दी श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री रहे उपस्थित

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संस्थापक सदस्य भाजपा के पितृ पुरुष भारत के पूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 99वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी विशेष रूप मनाया 25 दिसंबर 1924 को अटल बिहारी वाजपेई का जन्म ग्वालियर में हुआ वे 3 बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और 9 बार सांसद भी रहे वे भाजपा मुख्य संस्थापक सदस्य थे जो आज विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है । सोमवार 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा पूरे देश में विभिन्न आयोजन किए गए सभी कार्यक्रमों का आयोजन अलग अलग स्तर पर आयोजित किया गया राज्य स्तरीय , जिला स्तरीय सहित संगठन की सूक्ष्म इकाई बूथों तक अटल जी की जन्मजयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

रायपुर शहर जिला द्वारा भी अटल जी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में शहर जिला भाजपा एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।










### अटल बिहारी की 99वीं जन्मजयंती पर युवामोर्चा ने किया 99 यूनिट रक्त दान

जिसमे प्रमुख रूप से सुबह 8 बजे अन्य पिछड़ावर्ग मोर्चा द्वारा सुनील चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महतराई चौक कलेक्ट्रेट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उसके पश्चात सुबह 10 बजे ए.टी.एम. चौक अवंती विहार में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया 11 बजे से बूथों में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण और व्यक्तित्व स्मरण का आयोजन किया गया , दोपहर 12 बजे से युवामोर्चा के तत्वाधान में गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां 99वीं जयंती पर 99 यूनिट रक्तदान किया गया जयस्तंभ चौक पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से पश्चिम विधायक राजेश मूणत , प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव , सच्चिदानंद उपासने , नलिनेश ठोकने , जिला अध्यक्ष जयंती पटेल , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , डॉ. सलीम राज , ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ।

### भाजपा ने किया स्व.अटल जयंती सुशासन दिवस पर काव्यांजलि का आयोजन

महिला मोर्चा द्वारा अध्यक्ष सीमा संतोष साहू के नेतृत्व में सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम में फल एवं कंबल वितरण का आयोजन किया गया । किसान मोर्चा द्वारा किसानों के हित में केंद्र शासन और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिए गए सकारात्मक निर्णयों के प्रति आभार का कार्यक्रम रखा गया ।और साथ ही उनकी जयंती पर एक विशिष्ट काव्यांजलि कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम दिनाँक 25 दिसंबर समय शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ काव्यांजलि कवि सम्मेलन में कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि डॉ.सुरेंद्र दुबे , रामानंद त्रिपाठी , किशोर तिवारी और अन्नपूर्णा पवार आहुति द्वारा कविता प्रस्तुति दी गई स्व.अटल जी दमदार राजनीतिज्ञ होने के साथ ही साथ स्थापित कवि भी थे हिंदी साहित्य और कविता के क्षेत्र में उनकी गहरी पकड़ रही और कवि कुल भी उन्हें अपने पुरुधा के रूप में ही मानता है ।

*पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित काव्यांजलि कवि सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे , कार्यक्रम का विशिष्ट आतिथ्य लोकसभा सांसद सुनील सोनी , ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू , धरसीवां विधायक अनुज शर्मा , अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का रहा कुशाभाऊ पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव शर्मा जी ने सुशासन दिवस पर अटल जी से संबंधित अपना विशिष्ट संबोधन उपस्थित जनमानस के सामने रखा ।*

# अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना शिविर से लाभांवित करने समन्वय बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में कुपोषण की दर को कम करने हेतु एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तहनीकी सहयोग से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं सीएसएएम कार्यक्रम के ऊपर जिला स्तरीय बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कुपोषित बच्चों समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को शिशु रोग विशेषज्ञों के द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने के निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग



द्वारा सीएसएएम कार्यक्रम के तहत् बिना किसी चिकित्सा जटिलता वाले सैम बच्चों सीएसएएम कार्यक्रम में भर्ती कराकर उनका फॉलोअप किया जाएगा तथा और जटिलता वाले सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में में भर्ती किया जाएगा। जिले के सभी 2083 गंभीर कुपोषित बच्चों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम् से स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। ‘‘उक्त अभियान को सुघ्घर अभियान’‘ का नाम दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एम.पी. महीश्वर ने कहा कि इन बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक नामित किया गया है। नामित चिकित्सक आयोजित शिविर में केवल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जावेगा। बैठक में श्री जिला कार्यक्रम अधिकारी,टिक्कवेन्द्र जाटवर, सीएचएमओ डॉ.एम.पी महिश्वर,डॉ. के. के. टेंभूरने शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार अवस्थी सिविल सर्जन, डॉ. योगेन्द्र वर्मा पोषण पुर्नवास केन्द्र नोडल अधिकारी,श्री आदित्य शर्मा, डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी श्री रूपेश चक्रधारी जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर, श्रीमती नीरज सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी लवन, श्रीमती जया पटेल परियोजना अधिकारी पलारी,पारस साहू प्रभारी जिला सलाहकार शिशु स्वास्थ्य एवं भानू वर्मा फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# रेल्वे महाप्रबंधक को राजेश ने दिया ज्ञापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** जोनल रेल्वे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य राजेश शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के महाप्रबंधक आलोक कुमार को ज्ञापन सौंपकर रेल्वे की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये निदान की मांग की है। शर्मा ने अपने मांग पत्र मे 08185.08186 दुर्ग हटिया एवं हटिया दुर्ग स्पेशल ट्रेन को नियमित से चलाने की मांग की है इसी प्रकार उन्होने बिलासपुर से गोवा और बिलासपुर से हैदराबाद के लिये सीधी ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है। शर्मा ने दुर्ग से रायपुरए भाटापाराए बिलासपुरए टाटा नगर होते हुये गुवाहाटी के लिये सीधी ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है उन्होने दुर्ग से रायपुर भाटापारा बिलासपुर कटनी कोटा होते हुये उदयपुर राजस्थान के लिये भी नई ट्रेन चलाने की मांग की है शर्मा ने बिलासपुर से प्रारंभ होने वाली बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेसए बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस एवं बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का भाटापारा मे स्टापेज देने की पुरजोर मांग की है। शर्मा ने हटरी बाजार रेल्वे क्रासिंग पर निर्मित रेल्वे अंडरब्रिज को रायपुर के अंडरब्रिज की तरह हीं आकर्षक पेंटिंग व लाईटिंग से सजाने की मांग की है साथ हीं उन्होने रेल्वे माल धक्का मे शेड व्यवस्था करने एवं रोड़ चौडीकरण की भी मांग करते हुये जनहित मे उपरोक्त तमाम मांगो को शीघ्र पूर्ण करने की मांग दोहराई है।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया बीएमसी कैंसर डेकेयर का उद्घाटन






**रायपुर** । बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के बीएमसी कैंसर डेकेयर सेंटर का उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने फीता काटकर किया उद्घाटन। डेकेयर सेंटर रायपुर में उन्नत कैंसर देखभाल लाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सेंटर पचपेड़ी नाका, कलर्स मॉल के पास स्थित है।

आठ कीमोथेरेपी इकाइयों और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह केंद्र व्यक्तिगत रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डेकेयर सेंटर में दी जाने वाली सेवाओं में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थैरेपी, टेस्ट एवं रिपोर्ट संग्रह, ओपीडी परामर्श और कैंसर संबंधित सहायता सेवाएँ शामिल हैं।

बीएमसी कैंसर डेकेयर की सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करती हैं और रायपुर के साथ पूरे छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। अनुभवी और प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट सप्ताह में छह दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपीडी परामर्श प्रदान देंगे। सेंटर में कैफे भी है जिससे इलाज के दौरान मरीजों और उनके देखभाल करने वालों के लिए भोजन की व्यवस्था आसान होगी।

नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में मध्य भारत के सबसे बड़े और सबसे उन्नत कैंसर संस्थान के रूप में बालको मेडिकल सेंटर 24 घंटे कैंसर देखभाल सेवाएं प्रदान करते हुए मुख्य केंद्र बना हुआ है। ऑन्कोलॉजिस्ट एवं अत्याधुनिक मशीनों के साथ एडवांस सर्जरी, कीमो थेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, पीईटी स्कैन, स्पेक्ट स्कैन, एचडीटी, एलडीटी थेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, आईसीयू, सर्जरी, दर्द एवं उपशामक केयर और 24/7 प्रयोगशाला सेवाएँ, ब्लड बैंक, फार्मेसी, कॉल सेंटर तथा आपातकालीन सेवाएँ उपलब्ध होगी।

छत्तीसगढ़ के माननीय उपमुख्यमंत्री और समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरुण साव जी ने डेकेयर सेंटर के सफल उद्घाटन पर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंसर के बढ़ते मामले काफी चिंताजनक हैं ऐसे में इससे निपटने के लिए यह पहल हमारी सामूहिक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएमसी के डेकेयर सेंटर में प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं निस्संदेह कैंसर से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए आशा की किरण साबित होंगी। मैं इस सराहनीय प्रयास के लिए बालको मेडिकल सेंटर की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह केंद्र उपचार को आगे बढ़ाने और कई लोगों के जीवन पर सार्थक प्रभाव डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बालको मेडिकल सेंटर की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र के समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिटी सेंटर में हमारे डेकेयर सेंटर की स्थापना हमारे मरीजों के लिए पहुंच बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। हमारा लक्ष्य कैंसर स्वास्थ्य देखभाल को घरों के करीब लाकर कैंसर उपचार प्रक्रिया को सरल बनाना है, जिससे व्यक्ति बिना किसी चुनौती के अपनी भलाई को प्राथमिकता दे सकें। यह डेकेयर सेंटर विशेष रूप से कीमोथेरेपी जैसी प्रक्रियाओं के लिए नियमित जांच, फॉलो-अप और उपचार की सुविधा प्रदान करने के साथ मरीजों की लंबी यात्रा और उपचार से संबंधित स्वास्थ्य देखभाल के खर्चों को कम करेगा। हमारा प्रयास कैंसर पीड़ित मरीजों के दैनिक जीवन में सामान्य स्थिति और स्थिरता की भावना लाना।

बीएमसी डेकेयर सेंटर की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि वेदांता समूह के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में बालको मेडिकल सेंटर कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है। हम नया रायपुर में इस अत्याधुनिक सुविधा के माध्यम से बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लोगों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। शहर के मध्य में डेकेयर सेंटर कैंसर से जूझ रहे व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए तैयार है।

बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि सेंटर को मरीजों के लिए बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए बेहरी तरीके से डिज़ाइन किया गया है, जिसमें कीमोथेरेपी रूम में प्रचुर प्राकृतिक प्रकाश व्यवस्था की गई है। बेहतर वातारण में मरीज अधिक खुशी महसूस करते हैं जिसके परिणामस्वरूप तेजी से स्वास्थ्य लाभ होता है। उन्होंने कहा कि मरीजों की हालत को नियंत्रित करने और कीमोथेरेपी दवाओं की शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र में ही ऑन्को-फार्मासिस्ट के साथ उपचार के अंतरराष्ट्रीय गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध है।

# सिक्ख समाज ने गुरू तेग बहादूर का शहीदी दिवस मनाया



**भाटापारा।** सिक्ख पंथ के नवम गुरू तेग बहादूर के शहीदी दिवस पर सिक्ख समाज के महिला पुरूष व बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर शहर भ्रमण किया। इस दौरान गुरबानी के सबद कीर्तन से भावांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम मे सिक्ख समाज के अध्यक्ष त्रिलोक सलूजा अरूण छाबड़ाए हरमिंदर सिंग अमरजीत सलूजा देवेन्द्र सचदेवए रघुवीर मक्कड़ महेन्द्र सिंग सलूजा हरभगवान गुम्बर भगत सिंग छाबड़ा मिक्कू सचदेव सोनू छाबडा रविंदर चांवला जोगिंदर सलूजा बलविंद सिंग छाबड़ा हरप्रीत सलूजा इंन्द्रजीत राणांए रणजीत सिंग परमजीत छाबड़ा हरविंद सलूजा सोनू छाबड़ा व मंजीत सिंग छाबडा सहित बडी संख्या मे सिक्ख समाज के लोग शामिल हुये।

## संक्षिप्त समाचार

# धनेली में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनेली में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस आदिवासी समाज के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश अग्रवाल एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा शामिल हुये। कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुये सर्वप्रथम अतिथियों के पहुंचने के पश्चात अतिथियों का समाज की ओर से भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल ने शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कीए उपस्थिति लोगों को संबोधित करते हुये सतीश अग्रवाल ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे अंग्रेज हुकूमत के कुशासन के खिलाफ प्रजा के हितों के लिए उन्होंने लगातार संघर्ष किया और संघर्ष करतें हुए उन्होंने अपनी शहादत दी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सतीश अग्रवाल एवं सुशील शर्मा ने उनको इस अवसर पर सादर नमन किया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व ग्रामीणजन एवं अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# श्री गुरुगोविन्द सिंह के साहबजादों की शहादत को किया नमन



**भाटापारा।** सिक्ख पंथ के दशम पिता गुरुगोविन्द सिंघ के चार साहबजादों ने अपने पिता के वचनों को आत्मसात करते हुये पालन किया जिन्हे मुगल शासक वजीर खां के फरमान पर जिन्दा दीवार में चुनवा दिये गये। इन्हीं चार साहबजादों की शहादत और शौर्य को नमन करने हेतु 26 दिसम्बर को स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा से प्रभातफेरी निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों पर शबदकिरतन करते हुये वापस गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई जिसमें समाज के माताओं बहनों और बड़ी संख्या में पुरुषों और बच्चे शामिल हुये। आज के दिवस को भारत सरकार ने वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया जिस हेतु समाज की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# डीके महाविद्यालय में एक दिवसीय विचार गोष्ठी संपन्न



**भाटापारा।** दाउ कल्याण सिंग कृषि महाविद्यालय के सभा कक्ष मे विकसित भारत 2047 मे के अंतर्गत एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे डॉण्एचएल सोनबोईरए डॉण्राजेश साहूए धीरज साहूए खिलेश मिर्चेए राकेश कुशवाहाए कुलदीप कंवरए श्वेताए संध्याए कुंण्डुए विष्णुए अंगदए राहुल देवांगनए पीयूष तोहलिया एवं ओमकार साहू सहित अनेक लोग शामिल हुये। उक्त अवसर पर डॉण् सोनबोईर एवं डॉण् राजेश साहू ने छात्रों को कृषि क्षेत्र मे प्रायोगिक अनुभव को और भी ज्यादा बढाये जाने के प्रति विभिन्न टीप्स से अवगत कराया साथ हीं किसानो को ड्रोन तकनीक के बारे मे भी जानकारी दी। विचार गोष्ठी मे दलहनी तिलहनी व अन्य फसलों की उत्पादन तथा अन्य पहलु पर भी जानकारी दी गई।

# भाटापारा शहर में दस व बीस रूपये के नोट नहीं होने से लेन देन में किच किच आये दिन विवाद लोग छोटे नोट के अभाव में वस्तु विनिमय की ओर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो 5 रूपये के सिक्के एवं छोटे नोटो की किल्लत होने से आम नागरिक पूरी तरह परेशान है। खासकर सिक्के व 10 एवं 20 रूपये के नोटो के सजह रूप से उपलब्ध नहीं होने से बाजार मे लेन देन मे लोगों को दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। शहर के मुख्य बाजार सदर बाजारए हटरी बाजार सहित सब्जी बाजार एवं रेल्वे टिकट काउंटर बस स्टैड तथा पेट्रोल पंपो मे 5 रूपये के सिक्के के साथ साथ दस बीस रूपये के नोट की अनुपलब्धता के कारण लोगो को मुसीबतो से जूझना पड रहा है उक्त सिक्के व छोटे नोट नहीं होने से लोगों को अनावश्यक रूप से एडजेस्टमेंट मे जहां न चाहते हुये भी सब्जी किराना सामान एवं पेट्रोल को राउंड फिगर मे लेन देन करना पड़ रहा है। खासकर सब्जी बाजार मे तो सौ रूपये पचास रूपये एवं पांच सौ रूपये के नोट प्रायरू सभी के पास लेन देन के दौरान होने की वजह से




सब्जी विक्रेता खुदरा नोट वापस नहीं कर पा रहे है फ्लस्वरूप लोगों को मनचाही सब्जियो के साथ साथ चिल्हर वापसी के झमेले से बचने के लिये जबरदस्ती पांच दस व बीस रूपये के मिर्ची धनिया मेथी जैसे अन्य आयटम लेना पड रहा है इसी प्रकार के हालात खुदरा किराना दुकानो मे भी उत्पन्न हो गया है जहां ग्राहको को दुकानदार से अनावश्यक रूप से चिल्हर व छोटे नोट नहीं होने की वजह से दुकानदार चाकलेट माचिस पीपरमेंट शैम्पू पाउच व अन्य अनावश्यक चीजों को थमाकर हिसाब बना रहे है छोटे नोटो की किल्लत के कारण सड़क मार्ग पर बस मे सफर करने वालो को मजबूरी मे ज्यादा पैसा कंडक्टर को देना पड रहा है इसी प्रकार की स्थिति से रेल्वे बुकिंग काउंटर मे भी यात्रियों को जूझना पड रहा है खुदरा नोट व पांच रूपये के सिक्के नहीं होने की स्थिति मे उन्हे निर्धारित यात्री किराया से ज्यादा किराया देना पड रहा है चिल्हर व खुदरा नोट की तलाश मे रेल यात्री भटकने के बजाय ज्यादा भुगतान कर टिकट प्राप्त करके सीधे प्लेटफार्म की ओर यात्री ट्रेन पकडने भाग रहे है इसी प्रकार का नजारा गैस एजेंसी एवं विद्युत बिल भुगतान काउंटर पर देखने को मिल रहा है।

जहां छोटे नोट व पांच रूपये के सिक्के के अभाव मे लोग ज्यादा पैसा मजबूरी मे देने उक्त दोनो जगह पर विवश है। चिल्हर व नोट के संकट के कारण होटल पान दुकानो एवं छोटे छोटे अन्य दुकानो मे भी रोजाना दुकानदार व ग्राहको के बीच हिच किच रोज की दिनचर्या बन गई है। चिल्हर व नोट की किल्लत से अखबार हाकर भी जूझ रहे है उन्हे अपने पेपर बिल लेने के दौरान भी पांच दस रूपये छोड़ना पड रहा है इसी प्रकार के हालात मेडिकल स्टोर्स मे भी देखने को मिल रहा है जहां नोट व सिक्के के अभाव मे मेडिकल स्टोर्स संचालक विक्स की गोली हाजमोला व अन्य आयटम जबरदस्ती ग्राहको को चिल्हर एडजेस्टमेंट के चक्कर मे थमा रहे है कुल मिलाकर भाटापारा शहर मे पांच रूपये के सिक्के एवं दस एवं बीस रूपये की किल्लत होने के कारण लोगों को परेशानी से दो चार होना पड रहा है बताया जाता है कि कुछ माह पूर्व से भाटापारा सिटी के स्टेट बैंक से चेस्ट सुविधा हटा दी गई है जिसके फ्लस्वरूप नगर मे नये नोट की आपूर्ति नहीं हो पा रहीं है फ्लस्वरूप दस बीस के नये नोट बाजार मे सहजता से नहीं उपलब्ध हो रहे है पुराने नोट जीर्णशीर्ण हालत मे है वे भी गांव गांव मे धान खरीदी होने की वजह से कोचिये ले जा रहे है जिससे इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिम्मेदार अधिकारियो को चाहिये कि शहर के तमाम छोटे छोटे दुकानदारो को दस व बीस रूपये के नये नोट हर घर दुकान दुकान जाकर वितरित करें ताकि दस व बीस रूपये के नोट लोगों को सहजता से उपलब्ध हो सके।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 45 हजार 373 आवास स्वीकृत,अब तक 37 हजार 781 आवासों का निर्माण हुआ पूर्ण



**बलौदाबाजार।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का सुचारू क्रियान्वयन कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 45 हजार 373 आवासों की स्वीकृति कर दी गई है। जिसमें से 45 हजार 139 को प्रथम किश्त, 43 हजार 120 को द्वितीय किश्त,41 हजार 126 को तृतीय किश्त एवं 22 हजार 806 को चतुर्थ किश्त की राशि भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों की बैठक कर समस्त अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शेष किश्त की राशि हितग्राहियों को भुगतान करने हेतु निर्देश दिए गए है। जिससे आवास निर्माण में कार्य तेज गति से शुरू हो गया है और हितग्राही अपने पक्के अशियानों को पूर्ण होते देख रहे है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के स्थायी प्रतिक्षा सूची में कुल 64 हजार 992 हितग्राही शामिल है। जिसमें अब तक 45 हजार 373 आवासो को स्वीकृत कर 37 हजार 807 आवासों को पूर्ण कराया गया है। जहां हितग्राही खुशहाली के साथ अपने पक्के आवासों में निवासरत है। 37 हजार 807 पूर्ण आवासों में जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 9048, भाटापारा 4858, कसडोल 9501,पलारी 8433 एवं सिमगा 5967 आवास शामिल है।

उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण वर्ष 2016-17 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 के तहत आने वाले पात्र परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराना है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को कुल राशि 1 लाख 20 हजार रूपये, 04 किश्तों में सीधे हितग्राही को प्रदान की जाती है। प्रथम किश्त की राशि 25 हजार रूपये स्वीकृति के पश्चात,द्वितीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये, प्लींथ स्तर,तृतीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये,छत स्तर और चतुर्थ किश्त की राशि 15 हजार रूपए पूर्ण होने पर दिया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत 90 मानव दिवस का मनरेगा मजदुरी का भुगतान किया जाता है।

# ग्राम मेंड्रा में कोटवार ने 30 नग हरे भरे पेड़ बिना अनुमति कटवाये

## गुस्साये ग्रामीणों ने मोर्चा खोला व उच्चधिकारियों से शिकायत की



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम मेन्ड्रा पंचायत लमती मे कोटवार पर बिना अनुमति के हरे भरे लगभग 30 पेंड को कटवाकर बेचे जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है व उक्त प्रकरण की जांच कर दोषियों उपर कार्यवाही की मांग की है। उक्त संबंध मे ग्राम मेंड्रा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव सावए वन विभाग के प्रमुख सचिव एवं आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव तथा जिला कलेक्टरए एसडीएमए एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करते हुये कहा है कि कोटवार धरम दास मानिकपुरी द्वारा बिना किसी शासकीय अनुमति के 30 नग पेडों की अंधा धुंध कटाई करते हुये उक्त पेड की लकडी को चौपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 8124 मे लादकर ले जाया गया है। पेंडो के काटे जाने से व्यथित गांववासियों ने कहा है कि भारतीय वन कानून 1927 के सेक्शन 68 अंतर्गत पेडो की चोरी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना एवं प्रदूषण को बढावा देने के कृत्य के आरोप मे कोटवार धरम दास मानिकपुरी पर अपराध पंजीबद्ध किया जाये साथ हीं काटे गये पेंडो को जब्त कर नीलाम कर उससे प्राप्त राशि को शासकीय खजाने मे जमा कराई जाये। गांव के उक्त पेंडो को काटने वाले कोटवार ने किस अधिकारी के आदेश पर उक्त कृत्य किया इसकी जांच की जाये साथ हीं पेंडो की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का अपराध भी कोटवार के विरूद्ध पंजीबद्ध करने की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का यह भी लिखित आरोप है कि उपरोक्त कोटवार गांव मे अपनी दादागिरी करते हुये शासकीय राजस्व भूमि खसरा नंबर 109ध्1ध्क.रकबा 11ण्914 हेक्टेयर मे से लगभग 1ण्50 एकड़ शासकीय भूमि पर बेचा कब्जा कर लिया है जो कि नियम विरूद्ध है उसके विरूद्ध भी ग्रामीणों ने धारा 91 के तहत मामला पंजीबद्ध कर संपूर्ण प्रकरण की विशेष जांच कराने व दोषी कोटवार धरम दास मानिकपुरी के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। उक्ताशय की मांग करने वालो मे सरपंच दीपक कुमार धीवरए पदुम कुमारए पूरन सिंगए संतोष धीवरए गौतमए सियारामए अनुज निषादए मंशारामए विशंभरए नेतरामए गजाधर प्रसादए दिनेश निषादए मनाराम निषाद व नरोत्तम सहित ग्रामवासी के नाम शामिल है।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वाले फिर से सक्रिय

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे छिटपुट रूप से चलाये गये अवैध कब्जा हटाओ अभियान के बाद माहौल ठंडा होते ही फ़िर से अवैध कब्जा करने वाले सक्रिय हो गये है खासकर मुख्य मार्ग से हटाये गये अवैध कब्जा के तमाम ठेला एवं बडे टिन टप्पर वाले कब्जे रातों रात सुभाष बाजार के पिछले हिस्से मे पहुंचकर बडी संख्या मे अवैध कब्जा कर रहे है जो कि संपूर्ण सुभाष बाजार को अव्यवस्थित करने वाला कदम मे अवैध कब्जाधारियों के हौसले इतने अधिक बुलंद है कि वे प्रेस क्लब के पीछे भी रातो रात वहां पर पडे गिटटी व रेती की चोरी कर अपने अवैध कब्जे को प्लास्टर करते हुये मजबूती से जमा लिये है इसी प्रकार ज्यादातर अवैध कब्जाधारी इन दिनो पंचशील नगर टेंहका भांठा मे सक्रिय हो गये है जहां सैकड़ो की संख्या मे कच्चे पक्के अवैध कब्जे हो रहे है अनेक अवैध कब्जाधारी अंबेडकर चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे भी कब्जा करने मे जुट गये है इसी तरह खोलवा मार्ग, सूरजपुरा मार्ग, सुहेला मार्ग मे भी अवैध कब्जा फ़िर से पनप रहे है वहीं ग्रामीण क्षेत्रो मे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जे मुख्य सड़क के दोनो छोर पर हो रहे है ग्राम दतरेंगा, दतरेंगी, तरेंगा, टिकुलिया, ढाबाडीह, खोखली, सेमरिया, मुढीपार, खपराडीह, सुरखी, सूरजपुरा गांव मे बेधड़क बडे पैमाने पर अवैध कब्जा हो रहे है जिसे रोकना प्रशासन के लिये चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है इसी तरह शहर थाना से लेकर बस स्टैड पहुंच मार्ग वाले हिस्सों मे अभी भी लोग अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है अनेक लोग तो बीच सड़क को खोदकर शौचालय का टैंक बनाकर सड़क पर हीं लेंटर करते हुये सीढी व चबूतरे तान दिये है इस तरह शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे अवैध कब्जे रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

## सुशील शामिल हुये जयंती कार्यक्रम में

**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा अपने ग्रामीण दौरे के दौरान बम्हनीडीहए नवागांव व धनेली गांव पहुंचे व वहां आयोजित बाबा घासीदास और वीर नारायण सिंह की जयंती कार्यक्रम मे शालि हुये इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये उन्होने बाबा एवं वीर नारायण के बताये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उक्त अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष अमर मांडवीए कुबेर यदुए शैली भाटियाए सचिन शर्माए मुरली शर्माए आशीष शर्मा व दीपक साहू सहित सरपंचए उपसरपंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## आवास योजना एवं गैस सब्सिडी ईकेवाईसी कराने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, शहर में चाईस सेंटर व कम्प्यूटर दुकान वालों की बल्ले बल्ले

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे इन दिनो शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने लोग भारी तादाद मे सक्रिय हो गये है इसी सिलसिले मे शहर के अनेक कम्प्यूटर व ऑन लाईन चाईस सेंटर मे हजारो लोगों की भीड़ उमड पडी है ज्यादातर लोग आवास योजना का फ़ार्म खरीदने व ऑन लाईन आवेदन जमा करने लाईन मे लगे हुये है फ़लस्वरूप हजारो की भीड़ शहर के अनेक हिस्सों मे देखने को मिल रहीं है इसी तरह शासन द्वारा रसोई गैस की सब्सिडी प्राप्त करने के लिये ईकेवाईसी करवाने की अनिवार्य बाध्यता लागू कर दिये जाने के कारण गैस एजेंसी के बाहर भी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है जो सुबह से शाम तक लग रहा है।

गत 25 नवंबर से शासन द्वारा एलपीजी गैस धारको को ईकेवाईसी कराने के निर्देश प्राप्त हुये है तब से लोग ईकेवाईसी कराने गैस एजेंसियो के बाहर लाईन लगाते हुये खडे है वहां पर कभी सर्वर डाउन होने एवं कभी लिंक फेल होने के कारण लोगों को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है इस बीच रविवार 31 दिसंबर को गैस उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी कराने का आखिरी दिन निर्धारित किया गया है जिससे रविवार को और अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद है। बिना ईकेवाईसी के गैस सिलेण्डर की सब्सिडी प्राप्त करने की पात्रता नहीं होने के आदेश के बाद लोग अपने गैस कनेक्शन की ईकेवाईसी कराने उमड़ पडे है। भारत सरकार के द्वारा गैस एजेंसियो को यह निर्देश दिया गया है कि गैस एजेंसी चाहे किसी भी कंपनी का गैस वितरण कर रहीं है उक्त सभी गैस कंपनियो को अपने ग्राहको के आधार कार्ड से ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से करवाने पर हीं सब्सिडी का फ़ायदा मिलेगा।

## जोहार छत्तीसगढ पार्टी ने हसदेव अरण्य के पेड़ कटाई पर रोक लगाने की मांग की

**भाटापारा।** जोहार छत्तीसगढ पार्टी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर हसदेव अरण्य के सैकडो साल पुराने वृक्षों को काटने की निंदा करते हुये उसे रोकने की मांग की है। हसदेव के जंगल और पहाड़ कोरबा, जांजगीर, सक्ति, रायगढ व बिलासपुर जैसे अनेक जिलो के कृषि एवं शहरी पेयजल की प्राण दायिनी बांगो बांध परियोजना को प्राकृतिक जंगल के काटे जाने से काफ़ी नुकसान पहुंचेगा। जोहार छत्तीसगढ पार्टी के जिला प्रतिनिधि चंद्रकांत यदू ने हसदेव अरण्य मे तमाम प्रकार की गतिविधियों को रोकने की पुरजोर मांग की है। उक्त अवसर पर जोहार छत्तीसगढ पार्टी के सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

## कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान दिवस मनाया गया



**भाटापारा।** कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर कृषको को मशरूम उत्पादन गुटी द्वारा पौधे तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम मे डॉण्अंगद सिंग राजपूतए नरेन्द्र पाल व दीपकला ठाकुर सहित 35 महिला कृषक एवं 25 पुरूष कृषकों ने भाग लिया। उपरोक्त कार्यक्रम मे अंबुजा फ़ाउंडेशन के ज्योत्सना ने तकनीकि जानकारी कृषको को दी वहीं डॉण्प्रदीप कश्यप ने मिटटी परीक्षण के संबंध मे जानकारी प्रदान की। डॉण् सविता राजपूत ने हल्दी के उत्पादन व पोषण वाटिका के बारे मे जानकारी से कृषको को अवगत कराया। कार्यक्रम मे किसानों को उपज का विक्रय कर आर्थिक आमदनी बढाने के संबंध मे भी जानकारी दी गई।

## विधि महाविद्यालय को मिला सर्वोच्च ग्रेड




**भाटापारा।** स्थानीय गोविन्द सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय को नेक मूल्यांकन में बी ग्रेड 2-48 सीजीपीए के साथ जिले में सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त हुआ है। उक्त उपलब्धी पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक मिश्रा व सदस्य अरूण यदू, अनिल पुलस्त, सत्यजीत शेंडे, अभिषेक मिश्रा, हरीश लहरे को प्राचार्य डॉण एल धुववंशी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे डॉ. ऋषिराज पांडे, डॉ ण्रीता दीवान एवं बडी संख्या मे छात्र.छात्रा प्राध्यापक व कालेज स्टाफ़ मौजूद थे।

## वीर नारायण का शहादत दिवस मनाया गया



**भाटापारा।** ग्राम परसाडीह टोनाटार मे आदिवासी समाज द्वारा वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे विधायक इंद्र साव आरएन ध्रुव बंशीलाल नेतामए जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा दौलत कुंजाम परस ध्रुव आशा ध्रुव लोकेश मडावी आबिद खान मुरित ध्रुव टीकाराम नेताम मेमसिंगए संतराम नेताम श्रीराम मरकाम श्याम ध्रुव अमर सिंग ठाकुरए गजेन्द्र बलराम नेताम रामायण नेताम नारायण नेताम नंदकुमार बैशाखू ध्रुव चंदाराम ध्रुव व अंतूराम ध्रुव सहित बडी संख्या मे समाज के अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज की मांग पर विधायक इंद्र साव ने गांव के मुक्तिधाम पहुंच मार्ग के लिये पांच लाख रूपये दिये जाने की घोषणा की।

**अवैध कब्जे को भी हटाना प्रशासन के लिये एक बडी चुनौती बन गई**

# भाटापारा में अवैध कब्जा हटाओ अभियान की गति धीमी हुई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। शहर मे चल रहे अवैध कब्जा हटाओ अभियान की गति गुरूवार को धीमी हो गई पालिका प्रशासन द्वारा केवल बीच सड़क पर टीन टप्पर व बांस बल्ली के बने कब्जे हटाये गये इधर सबसे बडे अवैध कब्जा वाले क्षेत्र कृषि उपज मंडी समिति के अभियान को भी आज बंद रखा गया बताया जाता है कि राजस्व एवं नजूल प्रशासन द्वारा सीमांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मंडी क्षेत्र मे अवैध कब्जा हटाने का काम शुरू होगा**



इस बीच मंडी क्षेत्र मे अनेक कांग्रेस नेताओ के भी कब्जे बुधवार को देर शाम ढहा दिये गये लेकिन अभी भी अनेक लोगों के अवैध कब्जे मौजूद है जिसको लेकर शहर मे तरह तरह की चर्चायें व्याप्त है वहीं नागरिकों का कहना है कि शहर के व्यस्तम अन्य क्षेत्रो से भी अवैध कब्जे जो कि पक्के रूप से निर्मित किये गये है उन्हे तोड़कर यातायात व्यवस्था के हिसाब से सड़क चौड़ीकरण किया जाना चाहिये नागरिकों का यह भी कथन है कि समूचे शहर मे सन 1935 जिस समय भाटापारा नगर पालिका का गठन हुआ था उस समय के हिसाब से सड़क वर्तमान मे परिलक्षित हो ऐसा प्रयास प्रशासन को अवैध कब्जा तोड़ने की दिशा मे उठाना चाहिये इसके लिये केवल नोटिस के अलावा नजूल व राजस्व प्रशासन को पूरी पारदर्शिता से सीमांकन तत्परता से करते हुये पक्के अवैध कब्जे हटाने की दिशा मे आगे आना चाहिये रेल्वे स्टेशन गोविंद चौक सदर बाजार, पुराना हटरी बाजार रेल्वे फाटक, राम सप्ताह चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, बजरंग वार्ड, स्टेशन वार्ड, माता देवालय वार्ड , नयागंज वार्ड, नेहरू वार्ड, संजय वार्ड, सुभाष वार्ड, महावीर वार्ड, हथनीपारा वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, गुरूनानक वार्ड, पंचशील नगर टेंहका भांठा, भगत सिंग वार्डए रविदास वार्ड, नयापारा वार्ड, पुराना रेल्वे अंडरब्रिज, शक्ति वार्ड, धुरंधर वार्ड, मुंशी स्माईल वार्ड, शंकर वार्ड, राम सागर वार्ड, केके वार्ड, रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड, किसान राईस मिल के आधिपत्य वाले मैदान के साथ साथ शाखा नहर के शहरी हिस्से मे किये गये अवैध कब्जे को भी हटाना प्रशासन के लिये एक बडी चुनौती है जिस पर पूरी तैयारी से बुलडोजर चलाये जाने की जरूरत है इसके लिये संपूर्ण जिला स्तर का प्रशासनिक अमला व पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी से अभियान चलाये जाने की जरूरत है




ताकि शहर अवैध कब्जो के चंगुल से मुक्त हो सके व लोगों को चौड़ी सड़क प्राप्त हो सके। वर्तमान मे मुख्य सड़क पर 15 से 20 फीट अवैध कब्जे दोनो साईड से हो चुके है जिसे हटाना नितांत आवश्यक है। अवैध कब्जे शासकीय गजानंद कालेज मुख्य द्वार से ग्राम देवरी तक की मुख्य सड़क के दोनो छोर पर भी बडे पैमाने पर मौजूद है जिसे हटाने के लिये लोक निर्माण विभाग को भी जागरूकता से पहल करना चाहिये इसी प्रकार अनेक खेल मैदानए तालाबए नहर, गौठान, कब्रिस्तान भी अवैध कब्जो के भेंट चढ गये है इसी तरह भाटापारा से सूरजपुरा, दतरेंगा, दतरेंगी मुख्य मार्ग पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे पसर गये है इसी तरह भाटापारा सुहेला मार्ग के खोखली जरौद तक मुख्य मार्ग के दोनो तरफ अवैध कब्जे बढ गये है कुछ इसी प्रकार भाटापारा नांदघाट मुख्य मार्ग के ग्राम तरेंगा एवं तरेंगा से सूमा जाने वाली सड़क के दोनो छोर पर अंधाधुंध अवैध कब्जे हो गये है तरेंगा गांव मे तो हद से ज्यादा अवैध कब्जे हो रहे है इसी प्रकार के हालात भाटापारा से टेंहका जाने वाले मार्ग पर है और तो और टेंहका भांठा तो अवैध कब्जा करने वालो के लिये सबसे आसान जगह बन गया है इसी तरह भाटापारा निपनिया मार्ग, भाटापारा मोपका मार्ग मे ग्राम सुरखी, भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग मे ग्राम खपराडीह अवैध कब्जा करने वालो के लिये सुरक्षित जगह बनकर रह गया है जिसके उपर कार्यवाही करने के लिये समूचे राजस्व प्रशासन तहसील प्रशासन नजूल प्रशासन को ध्यान देना चाहिये कुल मिलाकर अवैध कब्जा हटाने के लिये अभी भाटापारा क्षेत्र मे बहुत काम बांकी है अब देखना यह है कि प्रशासन इस मुहिम मे किस कदर सफल हो पाता है।

# सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पर रेल्वे को राज्य शासन से शेयर लागत राशि नहीं मिलने से ओवरब्रिज व अंडरब्रिज निर्माण की फाईल अटकी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। सिद्ध बाबा धौराभांठा रेल्वे क्रासिंग पर वर्तमान मे भारी सड़क यातायात व्यवस्था के व्यस्त हो जाने से रेल्वे क्रासिंग के दोनो छोर पर लगभग दो दो किलोमीटर लंबी लाईन सड़क पर वाहनो की लग रहीं है।**




इस व्यस्त सड़क पर हर पांच मिनट बाद रेल्वे फाटक बंद रहने से लोग परेशान है क्योकि हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर भाटापारा रेल्वे स्टेशन से तीसरी रेल्वे लाईन के चालू होने के बाद से माल गाडी व यात्री गाड़ियों का परिचालन बडे पैमाने पर होने से सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग बात बात मे बंद रहने लगा है जिससे सड़क के दोनो छोर पर यातायात अवरूद्ध हो रहा है इस संबंध मे सिद्ध बाबा धौराभांठा हथबंद रेल्वे क्रासिंग एलसी नंबर 385 किलोमीटर 766ध13ए 15 पर रेल्वे अंडरब्रिज एवं ओव्हरब्रिज निर्माण की मांग एक लंबे समय से की जा रहीं है लेकिन केन्द्र व राज्य शासन के बीच सामंजस्य नहीं होने से अति व्यस्त रेल्वे क्रासिंग सिद्ध बाबा धौराभांठा मे आज तक अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज का काम प्रारंभ नहीं हो पाया है। उक्त संबंध मे रेल प्रशासन से जुडे सूत्र का कहना है कि सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पर अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज निर्माण कराने के कार्य मे छत्तीसगढ शासन द्वारा अपने हिस्से की निर्माण राशि की लागत 50 प्रतिशत शेयर लागत अभी तक वहन किये जाने के लिये सहमति पत्र एवं राशि जमा नहीं किये जाने के कारण महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़ा है जिसके चलते ओव्हरब्रिज व अंडरब्रिज कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। उक्त महत्वपूर्ण समस्या पर राज्य शासन को ध्यान देते हुये अपने हिस्से का शेयर लागत राशि अतिशीघ्र स्वीकृत किया जाना चाहिये ताकि सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग से यातायात सड़क के दोनो छोर पर सुचारू रूप से चल सके। वर्तमान मे भाटापारा क्षेत्र से लगभग 450 से अधिक राईस, दाल व पोहा मिल एवं क्षेत्र के आस पास स्थित ग्रासीम, लाफार्ज, अल्ट्राटेक, अंबुजाए श्री सीमेंट, बांगड सीमेंट संयंत्र के सैकड़ो की संख्या मे कैप्सूल वाहन एवं अन्य वाहनो का आवाजाहीं होता है लेकिन अक्सर सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग के बंद होने से यातायात सड़क के दोनो छोर पर जाम रहता है इस अहम समस्या से निपटने के लिये प्राथमिकता के साथ अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज का निर्माण जरूरी हो गया है इसलिये मौजूदा राज्य शासन को गंभीरता से इस समस्या की ओर ध्यान देते हुये अपने हिस्से का निर्माण शेयर राशि देने के प्रति पहल करना चाहिये।

**हिट एंड रन कानून का किया जमकर विरोध आम जनता परेशान**

# भाटापारा की सड़कों में उतरे वाहन चालक बसों व ट्रकों के पहिये थमे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे केन्द्र सरकार के नये यातायात कानून का विरोध करते हुये हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन सड़क पर हुआ। जिसमे सैकड़ो की संख्या मे ट्रक ड्राईवर एवं बस चालक कंडक्टर उतर आये इस दौरान आक्रोशित ड्राईवरों ने बस स्टैड चौक व ओव्हर ब्रिज के ढलान मे आडा तिरछा वाहन अड़ाकर कुछ देर के लिये संपूर्ण यातायात को बाधित किया।





किन्तु पुलिस दल के समझाईस के बाद सड़क पर आडा तिरछा किये गये वाहनो को हटाया गया किन्तु अनेक ट्रक व सीमेंट कंपनियो की बसें सड़को पर काफी देर तक प्रदर्शनकारियो के कारण खडी रहीं। नये मोटर अधिनियम के विरोध मे प्रदर्शन के कारण सड़को पर वाहनो की लंबी लाईन लगी रहीं वहीं भाटापारा बिलासपुरए भाटापारा बेमेतरा, भाटापारा करहीबाजार, भाटापारा खरोरा एवं भाटापारा सुहेला, भाटापारा मुंगेली, भाटापारा पथरिया, भाटापारा नवागढ, भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग पर चलने वाली बसों के पहिये पूरी तरह प्रातरू से थम गये एक भी बसों के आवाजाहीं नहीं होने से यात्री परेशान होते रहे बताया जाता है कि हिट एंड रन अधिनियम मे वाहन चालको द्वारा दुर्घटना की स्थिति मे दस साल कारावास एवं 7 लाख रूपये जुर्माना का प्रावधान है जिसका विरोध बस एवं ट्रक ड्राईवर कर रहे है इधर ड्राईवरो की हड़ताल मे डीजल व पेट्रोल कंटेनर चालकों के भी उतर जाने के बाद शहर मे एक दो पेट्रोल पंप वालों ने पेट्रोल सप्लाई को बाधित कर दिया जिसके चलते नगर मे पेट्रोल डीजल नहीं मिलने की अफ्वाह फैल गई जिसका परिणाम यह रहा कि शाम तक प्रायरू सभी पेट्रोल पंपो मे लोग लाईन मे लगकर अपने अपने वाहन मे भारी मात्रा मे पेट्रोल डीजल इस अंदेशा मे भरवाकर रखने लगे कि आगे हो सकता है उन्हे पेट्रोल डीजल मिले या न मिले इस चक्कर मे शहर के प्रायरू सभी पेट्रोल पंपो मे भारी भीड़ उमड़ने लगी फ्लस्वरूप पेट्रोल डीजल की अंधाधुंध बिक्री शुरू हो गई। पंप कर्मचारियों को जिसके कारण काफी परेशानी हुई और वे लगातार देर रात तक विभिन्न दुपहिया व चौपहिया वाहनों मे पेट्रोल डीजल भरने का काम करते रहे। नगर मे अचानक बसए ट्रक व अन्य वाहनो के चालकों के प्रदर्शन से बस स्टैड चौक पर भारी भीड़ का नजारा देखने को मिला जिससे यातायात बाधित भी हुआ समाचार लिखे जाने तक बस और ट्रक ड्राईवर कल भी अपनी हड़ताल जारी रखेंगे ऐसी सूचना परिवहन व्यवसाय से जुडे लोगो ने दी है। वहीं पेट्रोल डीजल की नियमित सप्लाई बनी रहे इस दिशा मे कुछ पेट्रोल पंप संचालक सकारात्मक रूप से आम पब्लिक के हित मे सोंच रहे है।

**तालाबों के संरक्षण व संवर्धन के लिये ठोस प्रयास जरूरी**

# भाटापारा के तालाब अपने अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच रहे हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। नगर के अनेक सार्वजनिक जल स्त्रोत कहे जाने वाले तालाब इन दिनो प्रशासनिक देख रेख के अभाव मे अपना अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच रहे है। शहर के सबसे पुराने व ऐतिहासिक तालाब कल्याण सागर इन दिनो गंदगी व बेशुमार हो रहे अवैध कब्जे के कारण लोगों के उपयोग से दूर हो रहा है।*



**कईहा तालाब मे बेशुमार कचरा गंदगी व जलकुंभी का जमाव हो गया है।**

तालाब के चारो तरफ लगातार लोग अवैध कब्जा कर रहे है जिससे उक्त ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व संकट मे पड़ गया है। सन 1935 के भीषण अकाल के समय दाउ कल्याण सिंग द्वारा जनता के हित मे खुदवाये गये कल्याण सागर तालाब गंदगी के साथ साथ जलकुम्भी से पूरी तरह अटा पड़ा है फ्लस्वरूप उसमे स्नान करने वालो को अनेक प्रकार के समस्याओं से जूझना पड रहा है खासकर ऐसे परिवार जो कि किसी की मृत्यु पर पूरे दस दिन तक तालाब के तट पर क्रियाकर्म करने एवं तीज नाहवन एवं नाहवन दशगात्र करते है उन परिवार वालों को तालाब की गंदगी व बदबू के साथ साथ काईयुक्त जल से परेशानी उठाना पड़ रहा है जबकि उक्त ऐतिहासिक तालाब को प्रसिद्ध दानवीर दाउ कल्याण सिंग की धरोहर मानकर संरक्षित व संवर्धित किये जाने की नितांत आवश्यकता है साथ हीं तालाब के तट पर काबिज अवैध कब्जाधारियो को वहां से हटाकर उन्हे टेंहका भांठा मे व्यवस्थापित किये जाने की जरूरत है ताकि तालाब सन 1935 के अपने मूल स्वरूप मे आ सके इसी प्रकार शहर के अन्य तालाब जिसमे राम नाम सप्ताह मंडप के पीछे स्थित कईहा तालाब को भी संरक्षित व संवर्धित किये जाने की जरूरत है इसके लिये इस तालाब का सीमांकन करते हुये वहां हुये अवैध कब्जे को तोड़ने की दिशा मे प्राथमिकता से कार्य होना चाहिये अभी कुछ वर्ष पूर्व हीं कईहा तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन वह पूरी तरह सौन्दर्यीकृत नहीं हो पाया है जिससे उक्त कईहा तालाब मे बेशुमार कचरा गंदगी व जलकुंभी का जमाव हो गया है लोगों के उपयोग से दूर कईहा तालाब मे केवल भैंस भैंसा डूब रहे है इस तरह कईहा तालाब भी आम नागरिको के लिये प्रासंगिक नहीं रह गया है इसी तरह नगर के नक्खी बाबा तालाब माता देवालय तालाब, रामसागर पारा तालाब, जटकन्हार तालाब, पैठू डबरी व मयूर स्कूल के सामने स्थित तालाब एवं तहसील चौक के पास खपराडीह मार्ग पर स्थित तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे है उक्त तमाम तालाबों के कारण हीं भाटापारा शहर का भू.जल स्तर संतोष जनक स्थिति मे है लेकिन उक्त तालाबों के संरक्षण व संवर्धन की ओर ध्यान नहीं दिये जाने से तालाब अपना अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच रहे है जनहित मे प्रशासन भाटापारा के तमाम तालाबों के संरक्षण के लिये ठोस कदम शीघ्र उठावें।

## भाटापारा में दिखने लगा है ठंड का असर सड़को पर कोहरा छाने के संकेत





**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड रहीं है जिसके कारण लोगों को सर्दी जुकाम व बुखार का सामना भी करना पड़ रहा है नगर के निजी हास्पिटल मे सर्दी जुकाम व बुखार पीडित मरीज पहुंच रहे है। ठंड के कारण सामान्य दिनचर्या पर असर पड़ा है। बाजार व शासकीयए अर्द्धशासकीय कार्यालयों मे ठंड के चलते लोग लेट से पहुंच रहे है वहीं सुबह चलने वाली यात्री बसों एवं रेल मार्ग की यात्री ट्रेनो मे भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है लोग ठंड के कारण अपनी यात्रा सुबह के बजाय देर से शुरू कर रहे है वहीं जिन्हे जरूरी काम से बाहर जाना है या दूर दराज की जो यात्रा करना चाह रहे है वे लोग हीं ठंड के बावजूद सुबह से रेल्वे स्टेशन एवं विभिन्न मार्गो पर चलने वाली बस मे यात्रा करने पहुंच रहे है। ठंड के कारण अल सुबह सड़को पर अब ओस की बूंदे एवं कोहरे से शहर के सड़को पर धुंध दिखाई देने लगे है जिससे आवागमन मे भी प्रभाव पड़ा है कोहरे के कारण बाहर से गुड तेल नमक व अन्य सामान लेकर आने वाले दूसरे राज्यो के भारी वाहन अपर डिपर लाईट चलाते हुये शहर मे प्रवेश कर रहे है ठंड की वजह से मॉर्निंग वाक करने वालो की संख्या कम हो गई है व सुबह की सैर सपाटे मे निकलने वाले अब सूर्योदय के पश्चात सड़को पर व गार्डन मे टहलने घूमने निकल रहे है वहीं ठंड के चलते गर्म कपडो की मांग बाजार मे बढ गई है इसके अलावा विभिन्न होटल व ढाबो मे गरम पेय पदार्थ चायए काफीए दूधए तुलसी चाय सहित गरम खान पान के तमाम केन्द्र मे लोग गरम चीजों की मांग करने लगे है। शहर मे अच्छी ठंड के कारण लोग दिन मे भी ठंड से बचने के लिये स्वेटर जैकेट व शाल का उपयोग कर रहे है। बताया जाता है कि आने वाले दिनो मे ठंड का असर और तेज होने की संभावना है।

## सत्ता परिवर्तन के बाद एल्डरमैन हटाये गये

**भाटापारा।** राज्य मे विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जनता से मिले नये जनादेश मे प्रदेश मे भाजपा के सत्तारूढ होने के बाद छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव ने भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सूचित करते हुये बताया है कि भाटापारा नगर पालिका मे पूर्व मे नियुक्त एल्डरमैनए मनोनित पार्षद की सदस्यता व सेवायें तत्काल प्रभाव से खत्म करने के संबंध मे आदेश जारी किये है। उक्त आदेश के बाद भाटापारा नगर पालिका मे नियुक्त एल्डरमैन पार्षद रामनारायण यदूए मुकेश साहूए गिरीश पारप्याणीए सावित्री ध्रुवए कुमारी बाई जांगडे एवं मनीष पंजवानी अब पालिका के एल्डरमैन पार्षद पद से मुक्त हो गये है।




## मनखे मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक - शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड रिक्शा कालोनी मे बाबा घासीदास जयंती का कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुये। इस अवसर पर शर्मा ने गुरू घासीदास के सत्य वचन मनखे मनखे एक समान के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताते हुये कहा कि बाबा घासीदास ने उंच नीच के भेदभाव को मिटाने के लिये सामाजिक समरसता का संदेश दिया था व संदेश आज भी प्रासंगिक है। बाबा घासीदास के संदेश एक समान एक समाज की रहीं जिसमे विभिन्न समाजों को एक माला मे पिराने का कार्य किया। उक्त अवसर पर अशोक साहू, शिव साहू, योगेश अनंत, आशीष जायसवाल सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने दिल्ली रवाना हुये क्षेत्र के खिलाडी



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नई दिल्ली मे आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता मे नेट बाल बालक बालिका की टीम भाटापारा से रवाना हुई। उक्त प्रतियोगिता 3 से 10 जनवरी के बीच आयोजित है। छत्तीसगढ की टीम मे कुल 48 खिलाड़ी उपरोक्त प्रतियोगिता मे भाग लेंगे जिसमे 18 बालक बालिका खिलाडी तरेंगा व भाटापारा क्षेत्र के है। टीम के साथ महेश शर्मा निर्मल जांगडे, राजनंदनी महेश्वरी पंसारी व शरद पंसारी भी दिल्ली रवाना हुये। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता मे क्षेत्र के सर्वाधिक बालक बालिका खिलाडी के चयन पर अनिल मिश्रा बीएल देवांगन रामजी पालए आलोक गुप्ता लेखराम साहू सुधांशु मिश्रा विरेन्द्र राजपूत अजय नाथए बाबू मैथ्यू नंदलाल बाजपाई प्रीति ताम्हणे, परस देवांगन सुनील यदू संप्रित छाबड़ा, चित्ररेखा, स्वातिए नेहा पटेलए केशव देवांगन व राजकुमार मल सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# अंबिकापुर दुर्ग के बीच दिन में नई ट्रेन की सौगात, सप्ताह में तीन दिन चलेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य मे रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों द्वारा एक लंबे समय से ट्रेन सुविधा बढाने की मांग की जा रहीं है लेकिन रेल प्रशासन इस दिशा मे सार्थक कदम नही उठा रहा है फलस्वरूप लोगों को रेल सुविधा के क्षेत्र मे निराशा हीं हाथ लगी है। ऐसे मे पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंग के प्रयास से रेल प्रशासन ने अंबिकापुर व दुर्ग के बीच एक अतिरिक्त एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का फैसला लिया है उक्त अंबिकापुर दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को सप्ताह मे तीन दिन चलाने का निर्णय रेल्वे बोर्ड ने लिया है जिसके तहत सोमवार, गुरूवार व शनिवार को उक्त ट्रेन दुर्ग से चलेगी वहीं विपरित दिशा मे अंबिकापुर रेल्वे स्टेशन से उपरोक्त ट्रेन मंगलवार शुक्रवार व रविवार को प्रस्थान करेगी। उपरोक्त ट्रेन का स्टापेज दुर्ग भिलाई पावर हाउस, रायपुर तिल्दा नेवरा भाटापारा बिल्हा उसलापुर पेड्रारोड अनूपपुर बिजुरी बैकुंठपुर रोड़ सूरजपूर व अंबिकापुर दिया गया है। उक्त ट्रेन निर्धारित रेल्वे स्टेशन के स्टापेज वाले स्टेशनो पर भी रूकेगी। रेल सूत्रो ने बताया है कि वर्तमान मे दुर्ग से अंबिकापुर जाने के लिये रात्रि मे हीं ट्रेन सुविधा उपलब्ध है नई ट्रेन की समय सारिणी के अनुसार नई ट्रेन दुर्ग से प्रात: आठ बजकर चालीस मिनट पर रवाना होगी और भाटापारा रेल्वे स्टेशन लगभग प्रात: दस बजकर पैंतीस मिनट पर पहुंचेगी वहीं वापसी मे उक्त ट्रेन अंबिकापुर से प्रात: सात बजकर पंद्रह मिनट पर रवाना होगी व लगभग एक बजकर पैंतालीस मिनट पर भाटापारा पहुंचेगी।

संतोष कुमार साहू (लालू)



ब्यूरोचीफ
"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में
विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए
संपर्क करें
9827916119

# बालको ने अपने अभियान से एचआईवी/एड्स जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाई





**बालकोनगर** । भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व एड्स दिवस के तहत अपनी परियोजना %आरोग्य% के अंतर्गत एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको ने अपने सामुदायिक विकास के तहत जिले में 26,000 से अधिक व्यक्तियों तक सफलतापूर्वक पहुंच बनायी।

अभियान का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ना और निवारक उपायों को बढ़ावा देना शामिल है। यह उच्च जोखिम वाले समूहों, युवाओं और विभिन्न समुदायों के भीतर सभी को जागरूक करना है। पूरे महीने में चले इस %जागरूकता रथ% अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। अभियान में समुदायों के भीतर एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए वीडियो, ऑडियो और पैम्फलेट का उपयोग किया गया।

अभियान में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में समूह जागरूकता सत्र, माता-पिता और युवाओं को एचआईवी/एड्स से संबंधित सुरक्षा और रोकथाम रणनीतियों पर संवेदनशील बनाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य निकायों और समुदायों को जोड़ने का काम किया गया। युवा चौपाल के माध्यम से सभी के सीखने की सुविधा प्रदान की गई, जहां किशोर लड़कियों और लड़कों को लीडर बनाकर समुदायों के भीतर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल में स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र संचालित किये गए जो 500 से अधिक युवाओं तक पहुंचे। इसका उद्देश्य उन्हें आवश्यक जानकारी तथा सहानुभूति को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स के संबंध में संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जागरूकता एचआईवी के खिलाफ एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करेगा। जागरूकता सत्रों के साथ हमारा लक्ष्य एक अधिक सूचित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देना है, जो ऐसी बीमारी के ट्रांसमिशन में कमी लाएगा और जीवन को सुरक्षित कर सकता है। समुदायों के भीतर हमारा लक्ष्य सभी के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी कटिबद्धता को दर्शाता है।

नागरिकों से बीमारी को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करते हुए कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने कहा कि मैं प्रत्येक नागरिक से आगे बढ़ने, जानकारी प्राप्त करने और अपनी एचआईवी/एड्स स्थिति के बारे में जागरूक रहने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड और जिले के भीतर, एकीकृत परीक्षण और परामर्श केंद्र (आईसीटीसी) तैयार हैं, जो व्यक्तियों को उनकी भलाई की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए मुफ्त परीक्षण और परामर्श प्रदान करते हैं।

बालको की परियोजना आरोग्य, स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। इस पहल से ट्रक चालकों और प्रवासी श्रमिकों जैसे उच्च जोखिम वाले व्यवहार वाले समूहों के बीच एचआईवी पर जागरूकता पैदा करने की दिशा में भी परिश्रमपूर्वक काम करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में अभी तक मे 2,000 से अधिक व्यक्तियों को कैनोपी शिविरों, वन-टू-वन परामर्श सत्रों और समूह जागरूकता सत्रों के माध्यम से जागरूक किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट परसाभाटा में परामर्श केंद्र एचआईवी जागरूकता परामर्श और एचआईवी परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाने वाला विश्व एड्स दिवस, एचआईवी/एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित एक वैश्विक पहल है। यह वायरस के खिलाफ चल रही लड़ाई को याद दिलाता है और उन लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने एड्स से संबंधित बीमारियों से अपनी जान गंवा दी है।

बालको सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अर्बन, रूरल एंड ट्राइबल (एसआरओयूटी) के साथ साझेदारी में आरोग्य परियोजना के तहत प्रभावशाली स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से समुदाय की सेवा करने में दृढ़। कंपनी ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से जागरूकता पैदा करती है। कंपनी हर 15 दिनों में एक मोबाइल हेल्थ वैन की मदद से स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करती है। कंपनी मेगा स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता अभियानों का आयोजन करती है। टीकाकरण और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जबकि घरेलू दौरों और विशेष परामर्शों के माध्यम से सुलभ स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करती है। अपनी उपचारात्मक और निवारक सेवाओं के माध्यम से, बालको वित्तीय वर्ष 2023 में 45,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंच गया है।

# लमती में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम लमती मे आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कांग्रेस विधायक इंद्र साव के हाथों से संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य गोलू गुप्ताए कन्हैया साहूए गेंदलाल ध्रुव, झुरांगू निषाद व मिट्ठू निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1111 रूपये व शील्ड सरपंच दीपक कैवर्त्य द्वारा दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये व शील्ड राजीव युवा मितान क्लब द्वारा प्रदत्त किया गया, तृतीय पुरस्कार शारदा गोलू गुप्ता द्वारा 5001 रूपये व शील्ड प्रदान किया गयाए चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये व शील्ड मेंन्ड्रा निवासी टेकनारायण द्वारा प्रदान किया गया।

उक्त प्रतियोगिता मे 32 टीमों ने भाग लिया जिसमे प्रथम मोपकी, द्वितीय पौंसरी, तृतीय स्थान ग्राम चंदली, चतुर्थ स्थान ग्राम जरहागांव को प्राप्त हुआ। उक्त आयोजन मे श्यामचरण चक्रधारी, नीलकंठ निषाद, नेमचंद ध्रुव, कृष्णा निषाद, ओमप्रकाश, मुकेश, युवराज, पुरूषोत्तम, टीकाराम, रेखू, हेमचंद, लच्छू, राजकुमार व पुनाल सहित ग्रामवासी का सहयोग रहा।

# भाटापारा शहर में जगह जगह कचरों का अंबार लोग परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे एक ओर जहां अटल बिहारी बाजपाई के जन्म दिन के अवसर पर स्वच्छता सप्ताह प्रदेशभर मे मनाया जा रहा है वहीं भाटापारा शहर मे व्याप्त अव्यवस्था व गंदगी से लोग हलाकान है जगह जगह सड़क पर बिखरे व फैले कचरो के ढेर से लोगो को आवाजाहीं मे तकलीफ के साथ साथ असहनीय बदबू से जूझना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख चौक चौराहों गलियोंए मोहल्लों व वार्डो मे सफाई व्यवस्था लचर होने से संपूर्ण नगर मे गंदगी का आलम व्याप्त है वहीं ठंड के बावजूद मच्छरों का आतंक बना हुआ है। गंदगी व कचरों के बीच आवारा पशु उक्त कचरा को सड़क पर बिखेर रहे है जिससे संपूर्ण कचरा सड़कों पर फैल गया है इस प्रकार की स्थिति प्रायरू अनेक मोहल्लों मे व्याप्त है और तो और गौरवपथ के डिवाईडर मे भी अब चाय के जूठे कप व डिस्पोजल एवं शराब पीकर बोतलए डिस्पोजलए गिलास एवं पाउच पैकेट फेंके जा रहे है जिससे गौरवपथ की गरिमा भी धूमिल हो रहीं है इसी प्रकार हटरी बाजार के बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज के पास अथाह गंदगी से संपूर्ण वातावरण दूषित हो गया है वहां से उठती असहनीय बदबू से लोग परेशान है इसी तरह के हालात बस स्टैंड मंडी क्षेत्र एवं कुर्मी बोडिंग मंडी रोड कईहा तालाब तथा अन्य स्थानो पर भी गंदगी के फैले होने से आम नागरिक त्रस्त है कुल मिलाकर नगर मे साफ सफाई व्यवस्था बेपटरी हो चली है जिसके चलते संपूर्ण शहर मे जगह जगह कचरों का ढेर लगा है फ्लस्वरूप शहर की छवि एक कचरो के ढेर व गंदे शहर के रूप मे उभरकर सामने दिखने लगी है।

# पिछले पांच वर्षों में भाटापारा रेल्वे स्टेशन में एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज नहीं मिला आम नागरिकों में भारी आक्रोश का माहौल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल्वे स्टेशन मे अनेक महत्वपूर्ण सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनो का स्टापेज शीघ्र स्वीकृत करने की मांग क्षेत्रिय नागरिकोंए उद्योगपतियोए व्यवसाययियों व छात्र.छात्राओं ने पुनरू की है। रेल्वे स्टेशन रायपुर बिलासपुर दुर्ग रायगढ के बाद भाटापारा रेल्वे स्टेशन से रेल प्रशासन को सबसे ज्यादा आय प्राप्त हो रहा है उसके बावजूद रेल प्रशासन द्वारा भाटापारा रेल्वे स्टेशन की लगातार उपेक्षा की जा रहीं है। रायपुर बिलासपुर रेल मंडल व रेल जंक्शन के बीच भाटापारा एक महत्वपूर्ण स्टेशन है जहां से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अलावा बिलाईगढए कसडोलए नवागढए बलौदाबाजारए मुंगेली व पामगढ विधानसभा क्षेत्रों के लोग बडी तादाद मे रेल मार्ग पर यात्रा करने भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंचते है इसके साथ हीं भाटापारा




शहर से 17 किलोमीटर दूर अंबुजा सीमेंटए 22 किलोमीटर दूर अल्ट्राटेक सीमेंटए 32 किलोमीटर दूर लाफर्ज सीमेंट 23 किलोमीटर दूर श्री सीमेंट सहित आधा दर्जन से अधिक अन्य सीमेंट संयंत्रो व विभिन्न उद्योगो तथा भाटापारा क्षेत्र मे स्थित 450 से अधिक की संख्या मे स्थित राईसए दाल व पोहा मिल के संचालक हजारो की संख्या मे भारत के प्रत्येक हिस्सों मे जाने के लिये भाटापारा स्टेशन पर निर्भर है ऐसी सूरत मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे 28051.28052 चेन्नई एक्सप्रेस, 28011.28012 हटिया कुर्ला एक्सप्रेस के अलावा, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेसए समरसता एक्सप्रेस, हावड़ा शिरडी एक्सप्रेसए भुनेश्वर कुर्ला एक्सप्रेसए सूरत माल्दा एक्सप्रेस, बिलासपुर हांपा एक्सप्रेसए दरभंगा हैदराबाद एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, वास्कोडिगा जर्सीडीह एक्सप्रेस व बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का अनिवार्य रूप से स्टापेज भाटापारा स्टेशन मे दिया जाना चाहिये लेकिन रेल प्रशासन द्वारा एक लंबे समय से भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन की घोर उपेक्षा की जा रहीं है जबकि उपरोक्त संबंध मे तत्कालीन रेल राज्यमंत्री आर वेलु सहित अनेक नेताओं एवं तत्कालीन बिलासपुर रेल जोन महाप्रबंधक द्वारा समय समय पर यह आश्वासन भाटापारा वासियों को दिया गया कि विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनो का स्टापेज शीघ्र स्वीकृत कर दिया जायेगा लेकिन तमाम नेताओं मंत्रियों व उच्चाधिकारियों के आवश्वासन शीघ्र कोरा आश्वासन साबित हुआ जिसके फलस्वरूप आज तक पिछले पांच वर्षो मे एक भी सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनो का स्टापेज भाटापारा जैसे बडे व अति महत्वपूर्ण स्टेशन मे न होना दुखद विषय है पिछले पांच वर्षो के दौरान भाटापारा से कम आय देने वाले अनेक छोटे छोटे स्टेशनो मे अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो के स्टापेज दे दिये गये है लेकिन रायपुर रेल डिवीजन के भाटापारा जैसे बडे स्टेशन मे अब तक एक भी सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं दिये जाने से लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रिय नागरिकों ने भाटापारा की व्यवसायिकए औद्यौगिक व जनसंख्या बाहुल्यता की योग्यता को देखते हुये व यहां से रेल्वे को लगातार मिल रहे भारी भरकम राजस्व को मद्देनजर रखते हुये जनहित मे विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव शीघ्र देने की पुरजोर मांग फिर से की है।

## भाटापारा में अवैध कब्जा हटाओ अभियान स्वंय हांफने लगा है

# मुहिम पूरी नहीं हुई कि अवैध कब्जाधारी पुनः कब्जा करने के फिराक में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहरी क्षेत्र मे अवैध कब्जा की तादाद इतनी ज्यादा है कि अब प्रशासन अवैध कब्जा हटाने मे भी हांफ्ने लगा है। कृषि उपज मंडी के एक बडे भू भाग पर हुये अवैध कब्जे को भी न्यायालय के आदेश के बाद हटाया गया वह भी पूर्ण रूप से नहीं हट पाया है मंडी क्षेत्र के ढहाये गये अवैध कब्जे के मलबा आज भी यथावत अपनी अपनी जगह पर पडे होने से वह क्षेत्र अव्यवस्थित रूप से लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है वही अनेक कब्जाधारी अभी भी फिर से उसी स्थान पर कब्जा करने के फिराक मे बैठे हुये है इस तरह प्रशासन व अवैध कब्जाधारी के बीच आंख मिचौली का खेल चल रहा है कभी प्रशासन चुप बैठा है तो कभी माहौल शांत होने का इंतजार करते अवैध कब्जाधारी माकूल समय की प्रतीक्षा मे है इस बीच मंडी क्षेत्र के अनेक अवैध कब्जाधारी अभी भी सीना तान खडे है वहीं मंडी क्षेत्र के मुख्य द्वार से लेकर सिविल हास्पिटल की



ओर जाने वाली मुख्य सड़क मे दोनो ओर भारी पैमाने पर अवैध कब्जा धारी काबिज है जिन्हे हटाने के लिये अब तक नोटिस भी तामिल नहीं की गई है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध कब्जा हटाना केवल टीन टप्पर व कुछ कच्चे अवैध कब्जे को तोड़कर शबाशी लूटने के अलावा और कुछ नही है क्योकि मंडी क्षेत्र की सड़क पर दोनो छोर मे रोज नये अवैध निर्माण से दुकान व मकान के साथ साथ चबूतरे अभी भी बन रहे है इसी तरह पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक केवल टीन टप्पर भी हटाये गये है। पक्के अवैध कब्जे तोड़ने के लिये अब तक कोई सार्थक पहल नहीं होने से सड़को की चौड़ाई अभी भी संकीर्ण स्थिति मे बनी हुई है।

इसके अलावा नजूल प्रशासनए राजस्व प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के आधिपत्य वाले स्थानो पर अवैध कब्जा हटाने तोड़ने ढहाने की दिशा मे भी कोई उल्लेखनीय प्रगति अभी तक नहीं हुई है जिससे शहर मे जन चर्चा है कि अवैध कब्जा हटाने के लिये केवल ढिंढोरा पीटा गया है कब्जे वास्तव मे हटे नहीं है और तो और रेल्वे स्टेशन से विश्रामगृह तक सड़क के दोनो छोर पर इतने अधिक अस्थाई अवैध कब्जे है कि लोगों का वहां से आना जाना दूभर हो गया है। शहर का प्रशासनिक अमला एक दूसरे के उपर दोषारोपण कर व्यवस्था को बिगाड़ने पर तुला हुआ है कोई इसे प्रशासन का मामला बता रहा है तो कोई इसे यातायात पुलिस का मामला बताकर पल्ला झाड़ रहे है कुल मिलाकर भाटापारा मे अवैध कब्जा हटाओ अभियान स्वंय हांफ्ने लगा है।



## वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

**भाटापारा।** स्थानीय हथनीपारा स्थित गोंडवाना भवन मे शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विधायक इंन्द्र साव आरके कुंजाम सतीश अग्रवाल अमर मंडावी प्रमोद अग्रवाल विजय निषाद लीलाराम नेताम कृष्णकुमार खुसरो मोहन मंडावी कृष्ण कुमार मंडावी योगेश मंडावी गंगाराम मंडावी भोलाराम पोर्ते शैल नेताम चन्द्रप्रकाश मंडावीए राघवेन्द्र सिंग कुंजाम, रामकुमार नेताम, विशेषर नेताम, झब्बू नेताम, अभिषेक पार्ते, अक्षय नेताम, सूरज नेताम, रमेश नेताम, अनुसुईया नेताम, मालती कुंजाम उषा मंडावी जंत्री नेताम कुमारी नेताम सातो नेताम एश्वर्या कुंजाम सरिता ध्रुव नंदकुमार व तुषार के साथ हीं अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर गोंडवाना समाज भवन समतलीकरण एवं किचन शेड़ निर्माण हेतु 3 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा मुख्य अतिथि इंन्द्र साव ने की। वहीं सतीश अग्रवाल ने आदिवासी हितैशी सरकार से जल जंगल जमीन की रक्षा करने की मांग की।



## टेंहका में विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा जानकारी दी गई

**भाटापारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिये ग्राम टेंहका के दशहरा मैदान मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का प्रसारण मोबाईल वैन के द्वारा लोगों के लिये किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी शुगर सिकल सेल कुष्ठ रोगों की जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान अनेक सांस्कृतिक नाटय मंचन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे स्व सहायता समूह की महिलाओं के अलावा जनपद पंचायत तहसील के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजनाए जल जीवन मिशन शौचालय निर्माण व जीवन ज्योति बीमा योजना जैसे योजनाओं के बारे मे लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे तहसीलदार पेंखन टोंडे, सीईओ आरएल गेण्डरे, एचएल वर्मा,जंतराम पटेल, एसएन अग्रवाल, उमा कश्यप, प्रभा साहू, अनूसुईया साहू, ललिता ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, लखन ध्रुव, खेमसिंग ध्रुव, नंदकुमार वर्मा, नंदू साहू, रविशंकर साहू व खुबीराम साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

# विजय बने गृहमंत्री, साव को पीडब्ल्यूडी, बृजमोहन को शिक्षा, ओपी अब वित्तमंत्री

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के विभाग तय हो गए हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव को लोक निर्माण, विधि और नगरीय प्रशासन दिया गया है। वहीं विजय शर्मा गृह मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा उन्हें तकनीकी शिक्षा और रोजगार की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं IAS की नौकरी छोड़कर विधायक और मंत्री बने ओपी चौधरी अब वित्त विभाग संभालेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभागों के बंटवारे के बाद सभी मंत्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सभी मंत्री अपने-अपने विभागों से अब जनता के हित के लिए कार्य करेंगे।



**विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री**
सामान्य, खनिज संसाधन, ऊर्जा, जनसंपर्क वाणिज्य कर (आबकारी), परिवहन, अन्य विभाग जो किसी मंत्री के पास न हो।



**अरुण साव, उप मुख्यमंत्री**
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन



**विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री**
गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण, विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी



**राम विचार नेताम**
आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण



**दयालदास बघेल**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण



**केदार कश्यप**
वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता



**लखनलाल देवांगन**
वाणिजय, उद्योग एवं श्रम



**श्याम बिहारी जायसवाल**
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन



**ओपी चौधरी**
वित्त, वाणिज्य कर आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी



**लक्ष्मी राजवाड़े**
महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण



**टंकराम वर्मा**
खेल-कूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन

## सूची को लेकर घंटों मचा रहा हड़कंप

इससे पहले विभागों के बंटवारे को लेकर जब लिस्ट सामने आई तो काफी देर तक उसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। वहीं मंत्री भी इसे लेकर उलझन में थे। उनके पास लोगों के बधाई देने के लिए कॉल आ रहे थे, जबकि उन्हें भी इसके बारे में आधिकारिक तौर पर नहीं बताया गया था।

## साय ने बंद लिफाफे में राजभवन भेजे थे नाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बंद लिफाफे में मंत्रियों के विभागों की लिस्ट गवर्नर हाउस भेजी थी। राज्यपाल ने लिस्ट पर साइन कर शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग को भी भिजवा दिया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि देर शाम या शनिवार को विभागों की लिस्ट आ सकती है।

## शपथ ग्रहण के 8 दिन बाद मिले विभाग

प्रदेश में मंत्रियों का शपथ ग्रहण 22 दिसंबर को हुआ था। इसके बाद से ही सभी को विभागों के बंटवारे का इंतजार था। इसे लेकर तमाम कयास भी लगाए जा रहे थे। शपथ ग्रहण के अगले दिन 23 दिसंबर को CM साय ने PM नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

## छत्तीसगढ़ की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की कोशिश होगी-बृजमोहन

शिक्षा किसी भी राज्य के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर चाहे वह स्कूली हो या फिर उच्च शिक्षा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लाने की कोशिश होगी। यह कहना है छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने शुक्रवार देश शाम विभाग बटवारे के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। विभाग मिलने के बाद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा की सभी मंत्रियों को उनकी योग्यता के हिसाब से विभाग दिए गए हैं। निश्चित रूप से भाजपा सरकार अच्छा प्रदर्शन करेगी और छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम करेगी। श्री अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ में करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी है उनमें से लगभग चार लाख कर्मचारी अकेले स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में काम कर रहे है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने मोदी की नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू करने की जिम्मेदारी दी है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाया जाए ऐसी शिक्षा जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके।



**बृजमोहन अग्रवाल**
उच्च शिक्षा स्कूली शिक्षा के साथ ही पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति विभाग

# भाटापारा के लिये निराशाजनक रहा 2023

## नये साल में लोगों को विकास के पंख लगने की उम्मीद

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र के लिये बीता 2023 का साल पूरी तरह विकास से कोसो दूर रहा। सन 2023 का साल बिदा हो गया जिसमे क्षेत्र व शहरवासी को कोई भी उल्लेखनीय सौगात नहीं मिलने से उक्त वर्ष निराशाजनक रहा। प्रदेश की सत्ता से बेदखल हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अनेको बार क्षेत्र मे दौरा हुआ उसके बावजूद बघेल द्वारा पूर्व मे घोषित भाटापारा जिला पर अमल नहीं हुआ उल्टे उन्होने कृषि उपज मंडी की एक भीड भरी सभा मे भाटापारा जिला की पूर्व घोषणा की याद दिलाये जाने पर कह दिया कि तुमने उन्हे कांग्रेस विधायक पहले क्यों नहीं दिया इस बीच क्षेत्र के ग्राम कड़ार की सभा मे भी उन्होने जो घोषणायें की वह भी आज तक अधूरी है। बघेल ने बलौदाबाजार.भाटापारा 24 किलोमीटर लंबी सड़क का उन्नयन करते हुये सडक चौडीकरण की घोषणा की थी साथ हीं उन्होने भाटापारा मे अपर कलेक्टर का नियमित कार्यालय प्रारंभ करने की बात भी कहीं थी लेकिन उक्त दोनों घोषणाओं पर अमल सन 2023 के बिदा होते तक नहीं हो पाया। सन 2023 मे नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया जिसमे पालिकाध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने मे सफल रहीं वहीं 2023 मे भी एक भी महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का स्टापेज नहीं मिला बीते वर्ष ने कृषि उपज मंडी समिति मे कांग्रेस शासन द्वारा नियुक्त मंडी अध्यक्षए उपाध्यक्ष व कृषक प्रतिनिधि एवं व्यापारी प्रतिनिधि को प्रदेश मे हुये विधानसभा चुनाव के सत्ता परिवर्तन के बाद अपने अपने पदों से वंचित होना पड़ा एक ओर जहां मंडी के तमाम पदाधिकारी हटा दिये गये है वहीं दूसरी ओर पालिका मे नियुक्त सभी एल्डरमैन पार्षद को भी अपने पद गंवाने पडे इसके अलावा साल के अंतिम महिनो मे हुये चुनाव मे क्षेत्र का विधायकीय नेतृत्व भी परिवर्तित हो गया और इस बार भी प्रदेश मे सत्ता किसी और दल का और क्षेत्रिय विधायक किसी अन्य पार्टी का बन गया। फ्लस्वरूप क्षेत्र को मंत्री पद मिलने की जो लालसा थी वह निराशा मे तब्दील हो गया इस तरह बिदा हुये 2023 का साल विकास के मामले मे भाटापारा क्षेत्र के लिये कोई खास नहीं रहा। जिला मुख्यालयए सौ बिस्तर हास्पिटल भवनए नगर निगमए पृथक कन्या महाविद्यालय के अलावा अन्य विकास की मांग अधूरी रह गई। विकास के विभिन्न मांगो पर स्वीकृति भी नहीं आने से शहर जहां का तहां खडे रहा जिससे लोग निराश हुये आने वाले नये साल 2024 मे विकास के द्वार खुलेंगे ऐसी उम्मीद लोगों को है जो कांग्रेस व भाजपा नेताओं की ओर आशाभरी नजरों से देख रहे है कि ये भाटापारा क्षेत्र के विकास के लिये भरपूर कोशिश करेंगे खासकर जिला मुख्यालयए नगर निगम गठन करनेए महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का स्टापेज दिलानेए भाटापारा शाखा नहर का संभागीय कार्यालय प्रारंभ करानेए सेमरिया घाट व डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय नये पुल निर्माण कराने, बलौदाबाजार व बिलासपुर छोर पर बाईपास मार्ग बनाने सहित सर्व सुविधायुक्त नये बस स्टैड निर्माण की दिशा मे सभी लोग मिलकर विकास के लिये सार्थक व ठोस पहल करेंगे ऐसी उम्मीद लोगों को है। भाटापारा को नये साल मे बंपर रिटर्न विकास के रूप मे मिलेगा ऐसी आशा आम जनता को भी है।

# मैं शाकाहारी क्यों हुआ - मु0 शफीक खान

लोगों द्वारा, कुछ जिज्ञासाओं-सवालों के जबाब अक्सर ही मुझसे अपेक्षित रहते हैं। जब-तब विद्वजन मुझसे पूछते ही रहते हैं कि क्या मैं शाकाहारी हूँ? मैं शाकाहारी कैसे बना ? मैं शाकाहारी क्यों हुआ ?

बेशक मैं शाकाहारी हूँ और मैं शाकाहारी कैसे बना, इन दोनों सवालों पर मैं पहले ही सार्वजनिक रूप से बता-लिख चुका हूँ।

आज तीसरे सवाल का जबाब खोजने-इजहार करने की कोशिश है। गैर-शाकाहारी परिवेश में जन्म के बावजूद, मेरा शाकाहारी हो जाना दुनिया के लिये एक अजूबा सा लगता है, लेकिन इस जिज्ञासा-सवाल का सीधा सा जबाब है कि मेरा शाकाहारी होना, मेरे अन्तर्मन से आई एक आवाज है। मुझे कहीं बाहर से, किसी ने नहीं कहा। बस मन में यह बात आई कि मेरी थाली में किसी की पीड़ा क्यों शामिल-शरीक रहे।

मेरे शाकाहारी होने के पीछे किसी आस्था का समर्थन या विरोध कभी नहीं रहा। बस मुझे शाकाहारी होना अच्छा लगा और मैं शाकाहारी हो गया। यह एक सतत् प्रक्रिया का परिणाम है। धीरे-धीरे चिन्तन-मनन ने मुझे शाकाहार-मार्ग पर और दृढ़ता प्रदान की और आज मैं शाकाहार पर अडिग हूँ।

मैं शाकाहार का समर्थक हूँ, यह मेरी समझ है। अगर कोई मुझ में गैर-शाकाहार का विरोध देखता है, तो यह उसकी ना-समझी है।

मैं शाकाहारी क्यों हुआ ? इसका सीधा-सादा सा जबाब है मेरे अंतर्मन की आवाज ने मुझे शाकाहारी बनाया। अब अगर इसमें कोई अपने अनुकूल या प्रतिकूल दर्शन खोजने-समझने लगे तो मैं क्या कर सकता हूँ ?

एक मुहावरा है कि मैंनें जो शब्द बोले उसके लिये मैं जबाबदेह-जुम्मेवार हूँ लेकिन सुनने वाले ने क्या समझा उसके लिये मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं। मैं शाकाहारी हूँ, यह मैं कह रहा हूँ, दुनिया इसे गैर-शाकाहार का विरोध समझे तो उनकी समझ के लिये मैं जबाबदेह कैसे रहूँगा ?

जी हाँ! मेरा अन्तर्मन, मेरी चेतना व चिंतन मुझे शाकाहार मार्ग पर लाया। बाद में कई विद्वान-संत-जनों ने मुझे इस मार्ग पर संबंल दिया। आज मैं एक सद्भावी शाकाहारी हूँ।

**शफीक खान सागर 9425627305**

# जीत के बाद बृजमोहन अग्रवाल अपने प्रतिद्वंदी महंत रामसुंदर दास से मिलने पहुंचे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा से 90 विधानसभा सीटों में से 54 पर जीत दर्ज की है और अपनी सरकार बनाने जा रही है. रायपुर के दक्षिण सीट से बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. महंत रामसुंदर दास को 67719 वोटों से हराया है. इस जीत के बाद बृजमोहन अग्रवाल अपने प्रतिद्वंदी महंत रामसुंदर दास से मिलने दुधाधारी मठ पहुंचे. इस दौरान उन्होंने राजेश्री महंत को श्रीफल और शाल से स्वागत कर उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया. यही संस्कार बृजमोहन अग्रवाल को औरों से अलग बनाता है. प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों के बीच ऐसी सौहार्दता आज के राजनैतिक समाज में कम ही देखने को मिलती है. बृजमोहन अग्रवाल हमेशा कहते हैं कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं पर कभी किसी से राजनीतिक मनभेद नहीं रखना चाहिए. मनभेद हमेशा व्यक्ति को नीचे ही ले जाता है. महंत रामसुंदर दास और बृजमोहन अग्रवाल के बीच ऐसे ही मधुर संबंध तीन दशक से हैं। उनके पहले दुधाधारी मठ के ब्रम्हलीन महंत लक्ष्मी नारायण दास के भी बृजमोहन अग्रवाल और उनके पिता रामजीलाल अग्रवाल के ऐसे ही गुरु शिष्य के मधुर संबंध थे. अग्रवाल परिवार के मठ और पूज्य महंत के प्रति असीम श्रद्धा है.

# विद्यासागर वर्तमान के भगवान हैं

भगवान शब्द के अनेकों अर्थ व व्याख्यायें आपको मिल जायेंगी। किसी का विश्वास है कि दुनिया को बनाने वाला, चलाने वाला और मिटाने वाला भगवान है। जो सगुण या निर्गुण दोनो रूपों में अपनी-अपनी आस्था अनुसार माना जाता है।



भगवान के संदर्भ में विभिन्न भाषाओं में अलग-अलग संज्ञा का इस्तेमाल किया गया है। लेकिन मूल मर्म लगभग एक सा ही है, कि एक ऐसा सर्वशक्तिमान, जो सर्वज्ञाता, सर्वनिर्माता, सर्वसंचालक, सर्वसंहारक जैसा है। भगवान शब्द किसी ऐसी ही अवधारणा को इंगित करता प्रतीत होता है। एक अन्य राय में कहते हैं कि भगवान शब्द संस्कृत के भगवत शब्द से बना है। जिसने पांचों इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली है, उसे भगवान कहते हैं। वह ही निर्विकार (अर्थात जिसमें कोई दोष न हो) है।

भगवान की एक और व्याख्या भारतीय दर्शन में मिलती है कि "भग्गो रागो, भग्गो दोषो, भग्गो मोहो, ते भगवा"। अर्थात जिसने अपने अंदर से राग, द्वेष, मोह को भगा दिया है, वही भगवान है। इस दृष्टिकोण से, अपने अंदर के नियंत्रण से, साधना से कोई भी इंसान भगवान बन सकता है। इसी व्याख्या के नजरिये से जब हमने गुरूवर विद्यासागर जी को देखा तो महसूस हुआ कि ये भी तो राग, द्वेष, मोह से मुक्त हैं। जी हाँ! हमें वे वीतरागी निर्मोही, निर्दोष ही दिखते हैं। इसलिये विद्यासागर महाराज जी हमारी दृष्टि में भगवान हैं। इस नजरिये से जो भी उन्हें देखेगा तो वे भगवान ही नजर आयेगें. वर्तमान के भगवान हैं विद्यासागर महाराज जी।

**- शफीक खान सागर 9425627305**

## विष्णुदेव साय कैबिनेट ने लिया आकार, समाज के हर वर्ग को मिला प्रतिनिधित्व

# 9 मंत्रियों ने ली पद-गोपनीयता की शपथ



**रायपुर** । विष्णुदेव साय कैबिनेट का विस्तार किया गया है। राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। साय ने अपने मंत्रिमंडल में पांच नए चेहरे और पूर्ववर्ती रमन कैबिनेट के चार पूर्व मंत्रियों पर दांव खेला है। रायपुर संभाग से 2 मंत्री, दुर्ग संभाग से डिप्टी सीएम के साथ 1 मंत्री, बिलासपुर संभाग से डिप्टी सीएम के साथ 1 मंत्री और बस्तर संभाग से केवल एक मंत्री बनाया गया है। सरगुजा संभाग से मुख्यमंत्री समेत चार मंत्री बने हैं। इस संभाग से मुख्यमंत्री साय, रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े और श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हैं।

### बृजमोहन अग्रवाल ने ली मंत्री पद की सपथ

रायपुर दक्षिण विधानसभा से आठवीं बार ऐतिहासिकर जीत हासिल करने वाले राजधानी के सबसे लोकप्रिय नेता बृजमोहन अग्रवाल है जिसे उनके विधानसभा क्षेत्र के अलावा पूरे प्रदेश की जनता बड़े से बड़े पद पर देखना चाहती है। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में बृजमोहन अग्रवाल शायद सबसे पसंदीदा नेता हैं। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में पटावा सरकार में मंत्री रहे इसके बाद रमन सिंह सरकार के तीनों कार्यकाल में मंत्री रहे हैं। इसके साथ ही उनके पास सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बायो टेक्नोलॉजी, पशुपालन, मछली पालन, अयाकट, धार्मिक ट्रस्ट जैसे विभाग भी हैं।

### आदिवासी नेता केदार कश्यप बने साय मंत्रिमंडल का हिस्सा

नारायणपुर विधानसभा के विधायक केदार कश्यप ने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल के सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण किया. कद्दावर आदिवासी नेता और पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप के बेटे केदार कश्यप छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हैं. केदार कश्यप का जन्म पांच नवंबर 1974 को हुआ था. बस्तर के भानपुरी स्थित ग्राम फरसागुड़ा के रहने वाले केदार कश्यप भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रहे. बस्तर ब्लॉक में जनपद सदस्य रह चुके केदार कश्यप 2003 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. 2008 में दूसरी एवं 2013 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए. 2003 में केदार कश्यप पहली बार विधायक निर्वाचित हुए।



### राम विचार नेताम ने ली मंत्री पद की शपथ

राम विचार नेताम ने मंत्री पद की शपथ ली. भाजपा के कद्दावर नेता रामविचार नेताम छठवीं बार विधायक निर्वाचित हुए है। बलरामपुर के ग्राम सनावल निवासी रामविचार नेताम राज्यसभा के सदस्य और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके है। इस बार फिर पार्टी ने रामानुजगंज विधानसभा सीट पर उन्हें चुनाव मैदान में उतारा था। उन्होंने कांग्रेस के डा. अजय तिर्की को पराजित किया है। नेताम वर्ष 1990 से लगातार छठवीं बार विधायक हैं।

### अविभाजित कोरिया जिले का बड़ा भाजपा चेहरा श्याम बिहारी बने मंत्री

सरगुजा संभाग के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार विधायक निर्वाचित श्याम बिहारी जायसवाल ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली. अविभाजित कोरिया जिले में भाजपा के बड़े चेहरे श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व में जनपद पंचायत खड़गवां के अध्यक्ष भी रह चुके है. भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके जायसवाल ने वर्ष 2013 के चुनाव में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे. 2018 के चुनाव में उन्हें कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था.

### गुरु रुद्र कुमार को पराजित करने वाले दयाल दास बघेल को साय मंत्रिमंडल में मिला स्थान

अनुसूचित जाति से जुड़े दयालदास बघेल ने नवागढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार को पराजित कर एक बार फिर विधानसभा में पहुंचे हैं. सरपंच के पद से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करते वाले दयालदास बघेल को विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में सदस्य बने हैं. दयालदास बघेल ग्राम पंचायत कुरा के सरपंच रहे हैं.

### पार्षद पद से सफर शुरू करने वाले दूसरी बार के विधायक लखनलाल देवांगन बने मंत्री

कोरबा विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने लखनलाल देवांगन पहली बार मंत्री बने हैं. कोरबा के कोहडिया में रहने वाले लखनलाल ने पार्षद के तौर पर अपनी राजनीतिक शुरुआत की थी. लखनलाल देवांगन वर्ष 2005 में कोरबा नगर निगम के महापौर के रूप में चुने गए थे. आठ दिसंबर 2013 को देवांगन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बोधराम कंबर को हराकर कटघोरा से विधायक बने.

### पूर्व आईएएस ओपी चौधरी ने ली मंत्री पद की शपथ

आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति का दामन थामने वाले ओपी चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की. चुनाव प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बड़ा आदमी बनाए जाने वाले बयान को सार्थक करते हुए ओपी चौधरी को विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है. 2005 बैच के आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी केवल 22 साल में सिविल सर्विसेस के लिए चुन लिए गए थे. 36 साल की उम्र में 2018 में रायपुर कलेक्टर रहते हुए नौकरी छोड़ी थी.

### लक्ष्मी राजवाड़े ने ली मंत्री पद की शपथ

लक्ष्मी राजवाड़े ने मंत्री पद की शपथ ली. लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा- बीजेपी ने मेरे जैसे छोटे पार्टी कार्यकर्ता को मौका दिया है. मुझे खुशी है कि मैं सिर्फ भटगांव विधानसभा क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करूंगी. महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी और पीएम मोदी की गारंटी में सब कुछ संभव है. महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए पार्टी के निर्देशानुसार काम करुंगी. मैं हमेशा से लोगों की सेवा करना चाहती थी। भारतीय जनता पार्टी संगठन से जुड़ी। साल 2011 में मंडल की कोषाध्यक्ष रही, इसके बाद जनपद सदस्य बनी । जनपद सदस्य के साथ मंडल अध्यक्ष का भी संगठन ने दायित्व दिया। जिला पंचायत सदस्य भी मैं बनी सूरजपुर जिले में । तब मुझे सबसे ज्यादा वोट मिले थे । महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष मुझे बनाया गया था सूरजपुर जिले से।

### शिक्षक से मंत्री बने टंकराम वर्मा, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा ने भी आज राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली. राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें पद की शपथ दिलाई. इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत विधायकगण मौजूद रहे. पेशे से शिक्षक रहे बलौदाबाजार से भाजपा विधायक टंकराम वर्मा ने एलएलबी किया है. ये पिछले 30 वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं।

विधायक बनने से पहले वे बलौदाबाजार जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष थे. क्षेत्र में रामायण और भागवत कथा करवाने के नाम से टंकराम वर्मा को ख्याति मिली हुई है. कुर्मी समाज से आने वाले टंकराम वर्मा ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी को 14 हजार से अधिक मतों से हराया है. अब वे प्रदेश के मंत्री के रूप में कार्य करेंगे.

# काम की तलाश में पलायन करने वालों की रफ्तार बढ़ी

## विभिन्न ट्रेनों में भारी भीड़ के चलते पैर रखने की जगह नहीं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन मे गुरूवार को अंतर्राज्यीय पलायन करने वाले मजदूरो हजारो की तादाद मे पहुंचे फलस्वरूप समूचे स्टेशन परिसर मे अन्य दिनो की तुलना मे भारी भीड़ का माहौल बना रहा ज्यादातर मजदूर बिलासपुर पुणे एक्सप्रेस मे सवार होकर महाराष्ट्र राज्य के नागपुरए वर्धाए अमरावती व पुणे की ओर गये वहीं पिछले एक सप्ताह से राज्य से बाहर अन्य राज्यो के महानगरो की ओर काम की तलाश मे पलायन करने वाले विभिन्न ट्रेनो मे सवार होकर पलायन कर रहे है जिसमे बनारस गोरखपुर कानपुर देहरादून जम्मू दिल्ली सोनीपत पानीपत अहमदाबाद सूरत भुज यशवंतपुर सिकंदराबाद हैदराबाद कलमना भोपाल इंदौर सहित अन्य बडे शहरो की ओर बडी तादाद मे ग्रामीण मजदूर भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंचकर नवतनवा एक्सप्रेस उधमपुर एक्सप्रसे संपर्कक्रांति एक्सप्रेस गोड़वाना एक्सप्रेस तिरूपति एक्सप्रेस तिरूनवेली एक्सप्रेस त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस व अहमदाबाद एक्सप्रेस सहित विभिन्न एक्सप्रेस एवं अन्य टेकृनो के जरिये दूसरे राज्य की ओर रवाना हुये ज्यादातर पलायनकर्ता मजदूर बिलाईगढ सरसींवा भटगांव कसडोल पलारी बलौदाबाजार मारो नवागढ पथरिया सरगांव भाटापाराए मुंगेलीए सिमगाए सुहेलाए निपनिया व करहीबाजार सहित अन्य क्षेत्र व गांव के लोग शामिल है। पलायनकर्ता मजदूरो व ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव से इसलिये पलायन कर रहे है क्योकि वर्तमान मे वहां पर रोजगार मूलक कोई कार्य उपलब्ध नहीं है ज्यादातर गांव मे धान की फसल लेने के बाद छोटे व लघु किसान एवं खेतीहर मजदूर क्षेत्र मे काम न होने की वजह से बडे पैमाने पर पलायन कर रहे है पलायन के पीछे वे यह भी बताते है कि दूसरे राज्यो के महानगरो मे उन्हे भरपूर काम के साथ अच्छे दाम भी काम के पीछे पारिश्रमिक के रूप मे मिल जाते है ज्यादातर पलायनकर्ताओ के साथ महिलायें एवं बच्चे भी ठिठुरती ठंड के बीच छत्तीसगढ़ राज्य छोड़ने विवश है। पलायनकर्ताओ की भारी भीड़ के कारण भाटापारा रेल्वे स्टेशन से होकर जाने वाली दोनो दिशाओं की ट्रेनो मे भारी भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है और तो और पलायनकर्ता अब स्लीपर क्लास मे रिजर्वेशन कराकर सफर कर रहे है वही जनरल बोगियो मे पैर धरने की जगह भी नहीं है जिससे रायपुरए बिलासपुर व दुर्ग के बीच अप डाउन करने वाले रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। कुल मिलाकर भाटापारा स्टेशन से पलायनकर्ताओं की रफ्तार तेज हो गई है।






> पलायन के पीछे वे यह भी बताते हैं कि दूसरे राज्यों के महानगरों में उन्हें भरपूर काम के साथ अच्छे दाम भी पारिश्रमिक के रूप में मिल जाते हैं।


## भाटापारा की सड़कों में बिल्डिंग मटेरियल्स का फैलाव

# लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार प्रशासन की ओर से कार्यवाही नहीं होने से हौसले बुलंद

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के चौक चौराहे मे इन दिनो बिल्डिंग मटेरियल्स के रखे जाने की परिपाटी से यातायात बाधित हो रहा है वहीं दुपहिया वाहन चालक बिल्डिंग मटेरियल के सड़क पर रखे होने के दौरान फिसलकर गिर रहे है समूचे नगर के चौक चौराहे विभिन्न वार्ड मोहल्ले की सड़को पर रेती गिटटी छड़ ईंट मुरम एवं बोल्डर पुराने बिल्डिँग के डिस्मेंटल किये गये मलबे से बीच सड़क मे कई कई दिनो तक रखे जाने से परेशान है खासकर मुख्य मार्ग मे इससे यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड रहा है सड़क पर रेत गिटटी छड व मलबा रखे जाने से दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे है वहीं छोटे छोटे बच्चे भी सायकल चलाने के दौरान सड़क बाधित करने वाले बिल्डिंग मटेरियल से गिरकर चोटिल हो रहे है नगर मे एक लंबे समय तक सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखकर लोग अपना भवन व दुकान निर्माण करा रहे है जिससे आम पब्लिक को परेशानी झेलना पड रहा है। सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल व मलबा रखने वालो को प्रशासन का बिल्कुल भय नहीं रह गया है फलस्वरूप वे बेखौफहोकर जहां मन पड रहा है वहां पर बिल्डिंग मटेरियल गिरवा रहे है वहीं डिस्मेंटल किये गये ईंट पत्थर मुरम मिटटी कई कई महिनो तक सड़को पर रखकर सड़क यातायात को जाम कर रहे है अनेक लोग डिस्मेंटल किये गये मलबे को अच्छी खासी सड़क पर हीं फेंककर सड़क की दुर्दशा कर रहे है

इस प्रकार के माहौल सदर बाजार हटरी बाजार सिनेमा लाईन जय स्तंभ चौकए रामसप्ताह चौक कृषि मंडी मार्ग कालेज मार्ग तहसील चौक के साथ साथ विभिन्न वार्डो के चौक व गलियों मे देखने को मिल रहा है लेकिन पालिका प्रशासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा इस प्रकार के कृत्य को करने वालो के विरूद्ध कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से शहर मे संपूर्ण रूप से सड़को पर अवव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया है। उपर से सड़क पर पडे रेती व मुरम मे आवारा सांड बैल उत्पात मचाते हुये उसे और बिखेर रहे है जिससे लोग आवाजाही के दौरान परेशानी से जूझ रहे है जनहित मे पालिका प्रशासन इस दिशा मे ठोस कार्यवाही शीघ्र करें ताकि सड़क यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।



> ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से शहर में संपूर्ण रूप से सड़कों पर अवव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in